

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए मीडिया से मुखातिब होते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 29 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## महाकुम्भ: संगम में मची भगदड़, 10 की मौत

● मरने वालों की संख्या कहीं अधिक बताई जा रही है, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के घायल होने की भी सूचना है

**दुखद**

▶▶ मौनी अमावस्या के स्नान के लिये भीड़ का दबाव इतना बढ़ा कि संगम तट पर भगदड़ मच गई



**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगरः मंगलवार की** रात को संगम नगरी से अमंगल समाचार सामने आया। महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के स्नान के लिये भीड़ का दबाव इतना बढ़ा कि संगम तट पर भगदड़ मच गई। सूत्रों के अनुसार हादसे 10 में श्रद्धालुओं की मौत हो गई, हालांकि मरने वालों की संख्या कहीं अधिक बताई जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के घायल होने की भी सूचना है। मेला प्रशासन ने अभी मरने वालों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। घायलों का इलाज महाकुम्भ नगर के केंद्रीय अस्पताल में जारी है। महाकुम्भ के अस्पताल में घायलों को लेकर आने वाली एंबुलेंस का तांता लगा हुआ है। राहत और बचाव कार्य में पूरा प्रशासन जुटा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह दर्दनाक हादसा रात करीब दो बजे संगम तट के पास हुआ। राहत कार्य करीब 1 घंटे बाद शुरू हुआ।

**जो नीचे गिर पड़ा वह उठ नहीं सकाः** महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के लिए मंगलवार सुबह से ही अपार जन समूह उमड़ा हुआ था। दोपहर में बेकाबू भीड़ ने कई स्थानों की बैरिकेडिंग भी तोड़ी। रात में स्नान शुरू होने के बाद संगम में भीड़ अधिक बढ़ गई। संगम तट और उसके आसपास लाखों श्रद्धालु जमा हो गए। अखाड़ों के लिए बनाई गई बैरिकेडिंग भी कुछ स्नानार्थियों ने तोड़ने का प्रयास किया। जिसको जहां से जगह मिलती उधर ही चला जाता। आधी रात के बाद स्नानार्थियों की भीड़ संगम तट के करीब ठहर गई, जिससे स्थिति बिगड़ने लगी। रात करीब दो बजे स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई तो भगदड़ मच गई। इधर-उधर भागती भीड़ में जो नीचे गिर पड़ा वह उठ नहीं सका। जिसने भागने का प्रयास किया वह भी दब गया।

### श्रद्धालु जिस भी घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करेंः सीएम

**महाकुम्भ नगर**

**मौनी** अमावस्या के पावन स्नान पर्व पर प्रयागराज सनातनियों का महासागर बन चुका है। संगम में पवित्र डुबकी की आस लिये महाकुम्भ नगर पहुंचे श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रमुख संतों ने अपील जारी की है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि श्रद्धालुगण मां गंगा के जिस भी घाट के समीप हैं, वहीं स्नान करें, संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। स्नानार्थियों के लिए कई घाट बनाए गये हैं, जहां सुविधाजनक रूप से स्नान किया जा सकता है। उन्होंने सभी से मेला प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## घरेलू नौकरों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने को पैनल गठित करे केंद्रः कोर्ट



**आदेश**

▶▶ इस वजह से घरेलू कामगार अपने नियोक्ताओं और एजेंसियों के हाथों शोषित होने के लिए मजबूर हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू काम काज करने वालों के शोषण को रोकने का कानून बनाने के लिए केंद्र सरकार को छह महीने में एक पैनल गठित कर कानून की रूपरेखा तय करने का आदेश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि घरेलू कामगार देश के कार्यबल (वर्कफोर्स) का अहम हिस्सा हैं, लेकिन न तो उन्हें श्रम कानूनों के दायरे में रखा गया है और न ही कोई अन्य कानून उनके हितों की रक्षा के लिए बना है। इस वजह से घरेलू कामगार अपने नियोक्ताओं और एजेंसियों के हाथों शोषित होने के लिए मजबूर हैं। कोर्ट ने श्रम मंत्रालय, महिला एवं बाल कल्याण, सामाजिक न्याय और अधिकारिता और विधि मंत्रालय को निर्देश दिया कि वे आपस में विचार विमर्श कर घरेलू कामगारों के लिए कानून की रूपरेखा सुझाने के लिए विशेषज्ञ कमेटी का गठन करें। विशेषज्ञों की कमेटी छह हफ्ते में अपनी रिपोर्ट देगा। सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड की एक घरेलू कामगार के मामले पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें घरेलू कामगार ने अपनी तनख्वाह नहीं मिलने पर अपने मालिक पर मुकदमा दर्ज कराया।

## यमुना को लेकर ओछी राजनीति कर रही आम आदमी पार्टीः पीएम मोदी

**आप को घेरा**

▶▶ हरियाणा वाले दिल्ली के पानी में जहर मिलाते हैं। यह हरियाणा ही नहीं बल्कि भारतीयों का अपमान है : पीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में चुनाव अभियान को गति देते हुए आज घोंडा विधानसभा क्षेत्र के करतार नगर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों ने मन बना लिया है कि 'आप-दा' (आम आदमी पार्टी की सरकार के लिए भाजपा की ओर से प्रयोग संबोधन) से काम नहीं चलेगा। अब लूट और झूठ से काम नहीं चलेगा। दिल्ली की जनता अब राज्य में डबल इंजन भाजपा की सरकार चाहती है। भाजपा गरीबों के लिए घर बनाएगी, दिल्ली को आधुनिक बनाएगी, हर घर तक नल से जल पहुंचाएगी, टैंकर माफिया से मुक्ति दिलाएगी। प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी को यमुना में नदी के मुद्दे पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गलती माफ करना भारतीयों का उदार चरित्र है लेकिन जानबूझकर, बद इरादे से पाप करने वालों को दिल्ली एवं देश माफ नहीं करता। आप-दा वाले कह रहे हैं कि हरियाणा वाले दिल्ली के पानी में जहर मिलाते हैं। यह हरियाणा ही नहीं बल्कि भारतीयों का अपमान है। उन्हें पक्का विश्वास है कि ऐसी ओछी बातें करने वालों को दिल्ली इस बार सबक सिखाएगी। इन आप-दा वालों की लुटिया यमुनाजी में ही डूबेगी। उन्होंने आआपा और कांग्रेस पर पिछले 25 साल में दो जेनरेशन बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले 14 साल कांग्रेस का शासन रहा फिर 11 साल आआपा का शासन रहा लेकिन दिल्ली की समस्याएं जैसी थी वैसी ही बनी हुई हैं।

## दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी



**वादों का पिटारा**

▶▶ महिलाओं को 2500 रुपये, रसोई गैस 500 रुपये में देने का वादा, सरकार बनने पर जातिगत गणना कराएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, गरीब परिवार की एक महिला को प्रत्येक माह 2500 रुपये, रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में और सभी को सस्ते एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए 100 इंदिरा कैंटीन खोलने का वादा किया गया है। घोषणा पत्र में पार्टी ने पांच गारंटी दी हैं। इसमें प्यारी दीदी योजना के तहत प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर महीने 2,500 रुपये की आर्थिक मदद, जीवन रक्षा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ़्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज, युवा उड़ान योजना के तहत बेरोजगार युवक को एक साल तक प्रतिमाह 8,500 रुपये का स्टाइपेंड, महंगाई मुक्ति योजना के तहत 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, मुफ़्त राशन किट और घरों में 300 यूनिट मुफ़्त बिजली देने का भी वादा किया है।


## जेपीसी ने वक्फ पर विधेयक के संशोधित प्रारूप को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने बुधवार को इससे जुड़ी रिपोर्ट और मसौदा विधेयक के संशोधित प्रारूप को बहुमत के वोट के आधार पर मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने 15 बनाम 11 मतों से इसे स्वीकार किया है। समिति की ओर से विधेयक में 14 खंडों में संशोधनों को अपनाया गया है। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने आज जेपीसी की बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी।




महाकुम्भ 2025 के दूसरे अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर बुधवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे अखाड़ों के साधु, संतों, नागा।




## सीएम सैनी ने पल्ला घाट पर यमुना जल ग्रहण किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः यमुना** के जिस पानी को आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने जहरीला बताया उसे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को पीकर दिखाया। इसका वीडियो जारी किया गया है। सैनी ने यमुना का पानी पीते हुए कहा कि "हरियाणा की सीमा पर बेहिचक और बेझिझक पवित्र यमुना के जल का आचमन किया।"

सैनी इस मौके दिल्ली की सीएम आतिशी पर भी तंज कसने से नहीं चूके, उन्होंने कहा- "आतिशी जी तो आईं नहीं। कोई नया झूठ रच रही होंगी। झूठ के पांव नहीं होते। इसलिए आप-दा का झूठ चल नहीं पा रहा।"नायब सैनी ने केजरीवाल को लेकर कहा कि दिल्ली की देवतुल्य जनता इन फरेबियों को पहचान चुकी है। 5 फरवरी को आप-दा के फरेबकाल का अंत निश्चित है। दिल्ली के लोग हरियाणा के कपूत

## सांसद रशीद ने संसद सत्र में शामिल होने के लिए जमानत मांगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** टेरर फंडिंग मामले के आरोपी सांसद इंजीनियर रशीद ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक संसद सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। इंजीनियर रशीद की याचिका पर 30 जनवरी को उनकी नियमित जमानत याचिका के साथ सुनवाई होगी। इससे पहले हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए एनआईए को नोटिस जारी किया था।

## राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को केंद्र की मंजूरी



**प्रसंस्करण**

▶▶ लचीली मूल्य शृंखला बनाने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दी है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने हरित प्रौद्योगिकियों से जुड़े महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीली मूल्य श्रृंखला बनाने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दी है। इसपर सात वर्षों में 34,300 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के व्यय और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि द्वारा 18 हजार करोड़ रुपये के अपेक्षित निवेश के साथ महत्वपूर्ण खनिज मिशन के शुभारंभ को मंजूरी दे दी। केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इस मिशन का उद्देश्य भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी क्षेत्र की कंपनियों को विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों का अधिग्रहण करने और संसाधन संपन्न देशों के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इसमें देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार के विकास का भी प्रस्ताव है।

इस मिशन में खनिज प्रसंस्करण पार्कों की स्थापना और महत्वपूर्ण खनिजों के पुनर्चक्रण का समर्थन करने के प्रावधान शामिल हैं। यह महत्वपूर्ण खनिज प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान को भी बढ़ावा देगा और महत्वपूर्ण खनिजों पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में और उच्च तकनीक वाले उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा में महत्वपूर्ण खनिजों की अपरिहार्य भूमिका को पहचानते हुए पिछले दो साल में भारत सरकार ने कई पहल की हैं। महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता है।




# राजपुरा माइनर की सफाई में लापरवाही पर किसानों ने रोष जताया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** राजपुरा माईनर की सिंचाई विभाग द्वारा साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है, लेकिन सफाई कार्य के दौरान जेसीबी द्वारा कबाड़ को निकालने के बाद उसे माइनर की दोनों तरफ की पटरी पर ही रखा जा रहा है। जिससे किसानों में रोष है। किसानों का कहना है कि विभाग इस तरह से माइनर की सफाई करवा कर अपना काम तो पूरा कर लेता है लेकिन जब भी तेज बरसात होती है तो सफाई के दौरान निकाला गया कबाड़ सारा माइनर में ही चला जाता है । जिससे माइनर की सफाई पर खर्च किए गए हजारों रुपए का किसानों को कोई फायदा नहीं होता । किसान विकास ,महेंद्र ,रणबीर ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा बड़ी गांव के पास से गुजर रही राजपुरा माइनर की सफाई का काम करवाया जा रहा है लेकिन जेसीबी सफाई करने के दौरान निकाले गए कबाड़ को दोनों तरफ पटरी पर रख देती है और थोड़ी सी बरसात होने के बाद सारा कबाड़ माइनर में ही चला जाता है । इसके अलावा किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि राजपुरा माइनर में बड़ी गांव के पास एक तरफ क्षतिग्रस्त पटरी को ठीक करवाया जाए, इसके अलावा गन्नौर राजलू गढ़ी मार्ग पर राजपुरा माइनर के टूटे हुए पशु घाट को भी ठीक करवा जाए ताकि माइनर में पानी आने पर पशुपालक अपने पशुओं को पानी आसानी से पिला सके। इस बारे में सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क करना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। एसडीम मनीष फौगाट ने बताया कि माइनर में सफाई की समस्या से संबंधित उनके पास अभी शिकायत नहीं आई है । शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।



**परेशानी**

**विभाग इस तरह से माइनर की सफाई करवा कर अपना काम तो पूरा कर लेता है**

## पीपली खेड़ा गांव से दो गैस सिलेंडर, एसी व अन्य कीमती सामान चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर ।** पीपली खेड़ा गांव में अपने पति का इलाज करवाने गए दंपति के घर से चोर दो गैस सिलेंडर, एसी व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत राजकुमार की पत्नी सुनीता ने बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र थाना पुलिस को दी । पुलिस को दी शिकायत में सुनीता ने बताया कि मेरे पति की करीब एक माह से तबीयत खराब रहती है । जिसके इलाज के लिऐ अपने पति को लेकर अपने लडके के पास 11 जनवरी को घर पर ताला लगाकर नोएडा चले गये थे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | डीएलआई–आरओके–बीटीआई सेक्शन पर डबल लाइन सेक्शन पर हिम्मतपुरा (एचएमक्यू) स्टेशन पर दूसरी लूप लाइन के प्रावधान के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिज़ाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 96,82,738.80/- |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 1,93,700/- |
| 4. | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 07.02.2025 (10.30 बजे) से 21.02.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5. | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई– निविदा खुलने की तारीख और समय | 21.02.2025 (15.00 बजे) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 46–क.वि.–नई दिल्ली–2024–25 दिनांकः 27.01.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 310/25

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद प्रोविजन ऑफ डुअल एक्सल काउंटर (एक्सेप्ट सप्लाई, इंस्टॉलेशन एंड कमीशनिंग ऑफ एक्सल काउंटर) इन ब्लॉक सेक्शंस विद एब्सोल्यूट ब्लॉक वर्किंग ओवर दिल्ली डिवीजन। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत(₹) | ₹6,16,03,901.17 | धरोहर राशि(₹) | ₹4,58,000/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 29.01.2025 / निविदा खुलने की दिनांक 20.02.2025 को 15:00 बजे तक | | |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 | | |

निविदा सं: 558-Sig-16-M-Tender-1441 दिनांक: 29.01.2025 319/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | सैन मार्टिन रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी नई दिल्ली में फाइबर आधारित GPON प्रौद्योगिकी का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 55,00,468.33/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 1,10,000/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 21.02.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्याः 558-सिगनल–16–टेली–ओपन टेंडर–1003 दिनाँक : 29.01.2025 318/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्कूलों की रोडवेज व शिक्षा विभाग द्वारा की स्कूलों की चेकिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच के लिए 45 दिनों तक चलने वाले विशेष अभियान के तहत परिवहन विभाग व शिक्षा विभाग की टीम ने प्राइवेट स्कूलों की दर्जन से अधिक बसों की फिटनेस की जांच की। परिवहन विभाग के अलावा शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य अनिल, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लिपिक कप्तान सिंह आदी मौजूद थे । इसमें कोई कमी नहीं मिली। जिन बसों की फिटनेस खत्म होने वाली थी, जिस पर टीम ने इनकी फिटनेस तय समय सीमा से 20 दिन पहले फिटनेस करवाने और उसकी सूचना विभाग को देने के निर्देश दिए। टीम ने सभी कागजात के अलावा कैमरे व अन्य जांच भी की गई। टीम ने स्कूल प्रमाण पत्र भी लिया गया कि इन बसों के अलावा अन्य कोई वाहन स्कूली बच्चों के लिए नहीं चलाया जा रहा। आगामी तीन दिनों तक छह-छह स्कूलों की बसों की जांच होगी



**सभी स्कूल वाहनों की सुरक्षा मानकों की गहन जांच की जा रही : फौगाट**

एसडीएम मनीष फौगाट ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी अभियान के तहत सभी स्कूल वाहनों की सुरक्षा मानकों की गहन जांच की जा रही है। इसके अंतर्गत विशेष रूप से वाहनों की फिटनेस, सीट बेल्ट, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, अग्निशामक उपकरण, गति सीमा और जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम जैसे पहलुओं पर ध्यान दिया गया।

## दिल्ली में बनेगी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार : नेहरा



**गन्नौर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में समान रूप से विकास करवाया जा रहा है और इसका फर्क दिल्ली विधानसभा चुनावों में पड़ेगा और भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। यह बात भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने जारी बयान में कही । नेहरा ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी वर्गों का समान रूप से विकास करवाया है। जिससे दिल्ली की जनता मोदी से प्रभावित होकर दिल्ली में भाजपा को पूर्ण बहुमत प्रदान करेगी और केजरीवाल के कुशासन से छुटकारा दिलाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो गरीब एवं पिछड़ा वर्ग हितैषी है।

जिस प्रकार हरियाणा में भी मुख्यमंत्री नायब सैनी की भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग एवं सभी वर्गों जैसे इस व्यापारियों, कर्मचारियों, महिलाओं, किसानों के कल्याण के लिए कटिबद्ध है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्याः 47-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 27.01.2025

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | डीएलआई–आरओके–बीटीआई सेक्शन पर डबल लाइन सेक्शन पर घरोंड़ी (डीएचवाई) स्टेशन पर दूसरी लूप लाइन के प्रावधान के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 96,74,406.60/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 1,93,500/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 07.02.2025 (10:30 बजे) से 21.02.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 21.02.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

309/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **1. बोबी खान, पुत्रः श्री बशीर, निवासीः मकान नंबर 350, गली नंबर 3, कर्दम पुरी, शाहदरा दिल्ली और** नामः **2. आरिफ खान, पुत्रः अब्दुल सकूर, निवासीः एच नंबर F-421, गली नंबर 20, जनता कॉलोनी, जाफराबाद, दिल्ली और दूसरा पताः गाँव अलोस में लक्ष्मीपुर, थाना बिशौली, जिला बदायुं, उत्तर प्रदेश** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.346/2024, दिनांक 05.10.2024 U/S 319(2) /318 (4) / 61(2)/309(4) /311/ 345 (3) BNS** के तहत एक मामला **थाना के. एम. पुर, दक्षिण जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **बोबी खान और आरिफ खान** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **बोबी खान और आरिफ खान** फरार हो गये है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **बोबी खान और आरिफ खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
छवि बंसल
एल.डी. जेएमएफसी.
साउथ डिस्ट्रिक्ट, कोर्ट नंबर-09
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/1082/SD/2025

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 58–अम्बाला/2024–25 दिनांक 28.01.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ADEN/CDG के अंतर्गत SSE/W-1/CDG के अनुभाग में CDG-MRND अनुभाग पर एल–एक्सिंग नंबर सी–1 किमी 19/0-1 पर, सी–3 किमी 28/3-4 पर एवं सी-9 किमी 40/5–6 में एलएचएस के मार्गों में कवर शेड प्रदान करके जल निकासी प्रणाली में सुधार। | 88,09,219 | 1,76,200 | 06 महीने | 21.02.2025 |
| 2 | SSE/W/KLK के खड में कोटी सुरंग से केएलके तक 1 गहरे ट्यूबवेल का प्रतिस्थापन, पंप हाउस का निर्माण, यूजी पानी की टकी और केएलके में विशेष रूप से गर्मियों में पानी की माग के 'लिए डीआई पाइप बिछाना। | 2,16,67,052 | 2,58,300 | 12 महीने | 21.02.2025 |
| 3 | एसआरई–एमबी अनुभाग में ब्रिज नं. 1307 पर टीबीएसआर–460 नग | 1,27,71,878 | 2,13,900 | 09 महीने | 21.02.2025 |
| 4 | नाभा स्टेशन की कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर पानी की आपर्ति में सुधार के लिए पुराने/घिसे–पिटे मौजूदा टैंकों के स्थान पर प्लंबिंग पाइप और बोर और पंप के साथ पंप हाउस के साथ 01 नग, 225 केएल आरसीसी ओएच टैंक का प्रावधान। | 91,34,715 | 1,82,700 | 04 महीने | 21.02.2025 |
| 5 | सहायक मंडल अभियंता/ट्रैक/अम्बाला के अधीन अम्बाला डिवीजन में कीमैन और पेट्रोलमैन के लिए 2 वर्ष की अवधी के लिए 2 वर्ष की वारंटी और सेवा के साथ सिम कार्ड सहित जीपीएस ट्रैकर्स आधारित व्यक्तिगत ट्रैकिंग डिवाइस की आपूर्ति, कमीशनिंग और ट्रैकिंग से सम्बन्धित कार्य । | 59,76,219 | 1,19,500 | 24 महीने | 21.02.2025 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 321/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–221/2024–25 दिनांक 27.01.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रू.) | बोली प्रतिभूति (रू.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30–विद्युत–42/2024–25 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्टेशन/सेवा भवनों/समतल क्रॉसिंग गेटों पर 1000 kWp ऑन ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र का प्रावधान | Rs. 58653984.16 | Rs. 443300.00 | 78 महीने | 20.02.2025 |

नोटः 1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट WWW.IREPS.Gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। 316/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-52PEDESTAL-MB DATE 28.01.2025 | मुरादाबाद मंडल में पुल नंबर 52 DN (11x61 मीटर) मुरादाबाद–गाजियाबाद खंड पर आरसीसी पेडस्टल सुदृढ़ीकरण का कार्य | ₹ 2382663.58 | ₹ 80000/- | 6 (छह) महीने | दिनांकः 22.02.25 को 14:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 14:00 बजे के पश्चात। |
| 2 | 32-W-BR-821-970-MB DATE 28.01.2025 | मुरादाबाद मंडल में पुल नंबर 821 UP (4x18.30m), पुल नंबर 970 UP (10x18.30m) और पुल नंबर 974 (18x18.30m) लखनऊ–बरेली खंड पर साइडपैथवे के जंग लगे एंगल प्लेट और गसेट प्लेट को बदलने का कार्य | ₹ 4001060.04 | ₹ 47700/- | 8 (आठ) महीने | दिनांकः 22.02.25 को 14:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 14:00 बजे के पश्चात। |

नोट : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 320/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

**मैं जो कि मेघू पुत्र राजेन्द्र भगत निवासी मकान नं०-132, नजदीक पूराना कुवा, हज्पुरवा समस्तीपुर बिहार हाल निवासी धतुरी जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं। अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तोवजो में मेरा नाम मेघू लिखा हुआ है। अब मैं अपने आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तोवजों में अपना नाम उपेन्द्र भगत करावाना चाहता हूँ। मुझे भविष्य में उपेन्द्र भगत के नाम से जाना जाए।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं विजेंन्द्र सिंह पुत्र ओमप्रकाश निवासी म० न० कापोर्रेसन बैंक, शिवाजी नगर नजदीक बाये चौक, गन्नौर जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हू। मेरा लड़का नवीन गुलिया मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर तथा अपनी मनमानी करता है। मै अपनी पारिवारिक संपत्ति/जमीन/मकान से अपने लड़के नवीन गुलिया को बेदखल करता हूँ। भविष्य में अगर कोई नवीन से लेनदेन करता है तो मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# हर षड्यंत्र और चक्रव्यूह को तोड़कर जीतुंगा चुनाव : मुकेश गोयल

- मैं नहीं आदर्श नगर की जनता लड़ रही है मेरा चुनाव : मुकेश गोयल
- जनता जर्नादन के आशीर्वाद से जीत दर्ज करूँगा : मुकेश गोयल






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव अब अपने उफान पर हैं। वोटिंग में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। इसको देखते हुए पार्टियां और प्रत्याशी जनता तक अपनी बात पहुंचाने में दिन-रात एक किए हुए हैं। कोई बैठक का आयोजन कर रहा है तो कोई जनसंपर्क के माध्यम से जनता तक अपनी और पार्टी की नीतियों को रख रहा है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल भी चुनाव प्रचार में न दिन देख रहे है और ना रात। सुबह-शाम जनता के बीच देखे जाते हैं और शाम में चुनाव को लेकर कार्यकताओं संग रणनीति पर मंथन करते हैं। इसी कड़ी में मुकेश गोयल ने आदर्श नगर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्र में पदयात्रा और बैठकें कर वोट की अपील की।

**हर षड्यंत्र और हर चक्रव्यूह को तोड़कर जीत दर्ज करूँगा: गोयल**

मुकेश गोयल ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में मेरे खिलाफ कई षड्यंत्र किए जा रहे हैं। मुझे हराने के लिए बहुत सी ताकतें लगीं हुई है लेकिन मैं हर चक्रव्यूह को तोड़कर जनता के आशीर्वाद से इस बार जीत दर्ज करूँगा। हर चुनाव में मेरे सामने ऐसी ही चुनौतियां आई है लेकिन हर बार जनता ने मुझे जीत का आशीर्वाद दिया है। पदयात्राओं के दौरान मुकेश गोयल को क्षेत्र की जनता ने विस्तारपूर्वक समस्याओं को रखा। इस मौके पर मुकेश गोयल को सुनने वालों की भारी भीड़ मौजूद रहे।


**मुकेश गोयल के साथ चल रहा जनसमूह:** अपने प्रिय नेता मुकेश गोयल के चुनाव प्रचार में उतरे देख क्षेत्र की जनता भी मुकेश गोयल के पीछे लामबंद हो गई है। मुकेश गोयल की पदयात्राओं में भारी जनसमूह रहता है। जिस क्षेत्र से मुकेश गोयल गुजरते हैं लोग मुकेश गोयल का भव्य अभिनंदन करते हैं और पदयात्रा में शामिल हो जाता हैं।

**जनता लड़ रही है मेरा चुनाव:** मुकेश गोयल ने पदयात्रा के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से आप सब मेरी पदयात्राओं अपना साथ दे रहे, उससे मैं अभिभूत हूं। आप सबके प्यार की वजह से ही विरोधियों के छक्के छूट रहे हैं। आज मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ कह सकता हूं कि ये चुनाव मैं नहीं आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता लड़ रही है।

**मुकेश ने सुनीं समस्या, हर वादा होगा पूरा: आदर्श नगर** विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आदमी पार्टी के उम्मदीवार मुकेश गोयल ने लोगों से क्षेत्र की समस्याओं को जाना, वहीं सभी समस्याओं को चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद समयबद्ध तरीके से हल करने के आश्वासन भी दिया। जनता ने भी मुकेश गोयल के समाने क्षेत्र की समस्याओं का पिटारा खोल कर रखा दिया। कोई पानी की समस्या लेकर अपनी बात रखता तो कई सीवर लाईन की। मोहल्ला क्लीनिक को लेकर भी समस्या रखी गई।

**भाजपा-कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू:**

मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों एक जैसे हैं और दोनों की नीतियां भी समाज को बांटने वाली है। दोनों पार्टियां गरीब विरोधी है। मुकेश गोयल ने कहा कि कांग्रेस के पास न तो नीति है न नेता। चुनाव खत्म होने को हैं अभी तक कांग्रेस के घरों में दुबके पड़े हैं। वहीं मुकेश ने बीजेपी को घेरते हुए कहा कि बीजेपी के राज महंगाई चरम पर है। बीजेपी के नेता समाज को बांटने और आपसी भाईचारा खत्म करने में विश्वास करते हैं। दोनों पार्टियों को जनता के हित से कोई लेना-देना नहीं। मुकेश गोयल ने आगे कहा कि आज भाजपा राज में महंगाई चरम पर है।






# वजीरपुर: भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को मिल रहा है जनता का अपार समर्थन

- भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने केशवपुरम, वजीरपुर जेजे कॉलोनी, जेलर वाला बाग, बुनकर कॉलोनी, अशोक विहार सहित कई इलाको में किया जनसंपर्क



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने बुधवार को वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले केशवपुरम, हथौड़ा राम पार्क, अशोक विहार, बुनकर कॉलोनी, वजीरपुर जेजे कॉलोनी, जेलरवाला बाग सहित कई इलाकों में जनसंपर्क व जनसंवाद किया।

**लोगों ने किया पूनम शर्मा भारद्वाज का स्वागत:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया और जीत का आशीर्वाद भी दिया। तो वहीं पूनम शर्मा भारद्वाज ने जनता से वादा किया कि आप सभी मेरा समर्थन करें, मैं क्षेत्र का विकास करके दिखाउंगी।




**जेलरवाला बाग में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन:** जेलरवाला बाग के पास बने प्रधानमंत्री आवास योजना फ्लैटस में रहने वाले लोगों के साथ जनसंवाद किया गया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी पूनम भारद्वाज के साथ भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी मौजूद रहे। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा प्रत्याशी पूनम भारद्वाज के समर्थन में वोट करें और भाजपा को विजयी बनाये।

**वजीरपुर जेजे कॉलोनी में किया जनसंपर्क:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी के कई ब्लॉको में जनसंपर्क किया और जनता से कहा कि आप सभी विकास के लिए भाजपा को चुने। क्योंकि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कोई विकास नहीं किया है। यहीं कारण है जनता परेशान हो रही है।

**भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को बुजुर्गों ने दिया जीत का आशीर्वाद:** आपको बातदें कि जहां पर भी भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज जनसंपर्क के लिए जा रही है। वहां की जनता उनका भव्य रूप में स्वागत कर रही है और उनको जीत का भी आशीर्वाद भी दे रही है।








# श्रद्धा व उल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का हुआ आगाज







**महोत्सव**

**सीएम ने मंत्रोच्चारण के बीच महोत्सव का किया शुभारंभ, 29 जनवरी से 2 फरवरी तक चलेगा महोत्सव**

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को आदि बद्री, यमुनानगर में 31 कुंडीय हवन यज्ञ और मंत्रोच्चारण के बीच अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। यह महोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की सौगात देते हुए 54 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत की 29 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। इनमें 26 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत की 15 परियोजनाओं के उद्घाटन और लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत की 14 परियोजनाओं के शिलान्यास शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने माँ सरस्वती की चरण वंदना करते हुए कहा कि आज समय, स्थान और अवसर का अद्भुत संगम है। आज मौनी अमावस्या है। महाकुंभ का शाही स्नान है। ऋतुराज वसंत का आगमन भी हो रहा है। इसी मनमोहक वातावरण में माँ सरस्वती नदी के उद्गम स्थल आदिबद्री में अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का शुभारंभ हो रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य पूरे संसार का ध्यान हमारी महान सभ्यता की ओर आकर्षित करना है। इस महोत्सव के माध्यम से हम अपनी संस्कृति, सभ्यता और मूल्यों को भी अगली पीढ़ी तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज ही माँ सरस्वती के किनारे पर स्थित दूसरे तीर्थ स्थलों पर भी यह महोत्सव धूमधाम से शुरू हो रहा है। पेहवा तीर्थ सरस और सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ हो रहा है। कैथल पोलड़ एवं पिसोल तीर्थ और जींद के हंस डहर तीर्थ में एक फरवरी को सरस्वती महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नदियों को भारतीय संस्कृति में पूजनीय माना जाता रहा है। इन दिनों गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम स्थल प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। कुम्भ केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि वैचारिक समागम व आदान-प्रदान के मंच के रूप में भी महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के प्रवाह के वैज्ञानिक प्रमाण मिल चुके हैं। सरस्वती नदी का वर्णन ऋग्वेद में बार-बार आया है। यह नदी आज की गंगा की तरह उस समय की विशाल नदियों में से एक थी। वैदिक संस्कृति सरस्वती नदी के किनारे पनपी थी। इस नदी के किनारे ऋषि-मुनियों ने अपने आश्रम बनाकर वैदिक साहित्य की रचना की, जिसका ज्ञान देने के लिए हमें पूरे विश्व में विश्व गुरु के रूप में जाना गया। उन्होंने कहा कि महाभारत में मिले वर्णन के अनुसार सरस्वती शिवालिक पहाड़ियों से थोड़ा नीचे आदिबद्री से निकलती थी। यह नदी हरियाणा, राजस्थान तथा गुजरात में लगभग 1600 किलोमीटर तक प्रवाहित होते हुए, अंत में अरब सागर में मिलती थी। लेकिन आज सरस्वती नदी विलुप्त हो गई है।

**सरस्वती को फिर से प्रवाहित करने के हो रहे सार्थक प्रयास**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरस्वती नदी की महत्ता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए सरस्वती को नर्मदा और साबरमती के जल के साथ जोड़कर पुनर्जीवित करने के प्रयास किये थे। उसी प्रकार हरियाणा में भी हम नदियों को जोड़कर व सरस्वती सरोवरों और जलाशयों का निर्माण करके सरस्वती को फिर से प्रवाहित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि आज हरियाणा को विश्वभर में वैदिक संस्कृति के उद्गम स्थल के प्रदेश के नाम से जाना जाता है।

# कुरुक्षेत्र की फैक्ट्री को सील करने का आदेश

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि लोगों को मिलावटी और मापदंडों पर खरा न उतरने वाले खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नागर आज कुरुक्षेत्र में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। खाद्य मंत्री ने मापदंडों पर खरा नहीं उतरने वाला पनीर बेचने पर कुरुक्षेत्र के सेक्टर 2 में स्थित एक फैक्ट्री को सील करने के आदेश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पनीर का सैंपल फेल आने पर फैक्ट्री पर जुर्माना लगाया जाए। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने खाद्य मंत्री को एजेंडे की 15 शिकायतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के बाद राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एजेंडे की 15 शिकायतों में से 10 शिकायतों का समाधान मौके पर कर दिया गया है। शेष पांच शिकायतों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

इस अवसर पर खाद्य मंत्री ने कुरुक्षेत्र सेक्टर 13 निवासी ज्ञान सागर की शिकायत पर सुनवाई करते हुए आदेश दिए कि ज्योतिसर से थर्ड गेट विश्वविद्यालय तक सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने के लिए एडीसी की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मई 2025 तक सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। गांव खेड़ी दबदलान निवासी रामकुमार मलिक और ओम प्रकाश की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए कि सड़क निर्माण कार्य 10 मार्च तक पूरा किया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### केजरीवाल के पानी सम्बंधी बयान पर हरियाणा सरकार का कड़ा रुख

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि दिल्ली में सप्लाई किए जाने वाले पानी को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर हरियाणा सरकार ने कड़ा संज्ञान लिया है। हरियाणा सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत की अदालत में केस दायर कर दिया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने यह जानकारी चण्डीगढ़ स्थित सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। विपुल गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के घटिया और गैरजिम्मेदाराना बयान के लिए चुनाव आयोग भी केजरीवाल के खिलाफ कड़ा संज्ञान ले। विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा पर इस प्रकार का आरोप लगाकर केजरीवाल ने घटिया राजनीति की है। हरियाणा सरकार कानूनी कार्रवाई कर रही है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि जो पानी दिल्ली को सप्लाई किया जा रहा है, वहीं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, और केंद्रीय मंत्री भी पीते है। केजरीवाल ने यह बयान देकर दिल्ली ही नहीं हरियाणा की जनता में भी भय फैलाने का काम किया है। उन्होंने कहा दिल्ली सरकार यमुना को स्वच्छ बनाने में पूरी तरह विफल रही है। चुनाव में अपनी साख बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की जनता पर शर्मनाक और निराधार आरोप लगाए हैं। हरियाणा की जनता यमुना जी को आराध्य मानती है। इस प्रकार का मिथ्या प्रचार न केवल हरियाणा का अपमान है बल्कि दिल्ली के लोगों को गुमराह करने की साजिश भी है। विपुल गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने तथाकथित ज़हरीले पानीको दिल्ली में प्रवेश करने से रोक दिया। लेकिन उनके पास इस दावे का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए झूठ बोलना अरविंद केजरीवाल की पुरानी आदत है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने दिल्ली सरकार पर यमुना की सफाई को लेकर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि दिल्ली के 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से केवल 17 ही चालू हैं। यह दिल्ली सरकार की अक्षमता और यमुना नदी की दुर्दशा के लिए उनकी गैर जिम्मेदारी को दिखाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के इस कुप्रबंधन से न केवल दिल्ली के लोग, बल्कि हरियाणा के फरीदाबाद, पलवल, और मेवात जिले के लोग भी प्रभावित हो रहे हैं।

### गुरुग्राम यातायात पुलिस को मिले लोहे के 100 बैरिगेट्स

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम।** सीएसआर कोटे के तहत अल्ट्राटेक कंपनी की ओर से यातायात पुलिस को लोहे के 100 बैरिगेट दिए गए हैं। बैरिकेट्स भेंट किए जाने के दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात विरेंद्र विज, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुख्यालय/ हाईवे विकास कुमार, अल्ट्राटेक कंपनी की ओर से असीम कपूर, अमन सहगल, निपुण सक्सेना और देवाशीष पंत मौजूद रहे। विरेंद्र विज ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में गुरुग्राम शहर में वाहनों की संख्या काफी अधिक बढ़ी है, जिनको नियंत्रित/बैरिगेटिंग करने में अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी की ओर से मिले लोहे के 100 बारगेटों से काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा प्रयोग किए जा रहे बैरिगेट पुराने होने के कारण टूटे हुए हैं, जिनकी जगह नए बैरीगेटों की आवश्यकता थी। अल्ट्राटेक कंपनी ने यह जरूरत पूरी की है। यातायात पुलिस को नाके ड्यूटी, अल्कोहल नाके, रूट डाइवर्जन आदि में बैरिगेट की आवश्यकता होती है।

### अध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर व नारेबाजी कर विरोध स्वरूप काला दिवस मनाया

टीम एक्शन इंडिया

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन की सरकार की नई पेंशन योजना के विरोध में अध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजपाल कालड़ा ने बताया कि अध्यापकों ने काली पट्टी पहनकर नई पेंशन योजना का कड़ा विरोध किया है। अध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर जमकर नारेबाजी भी की। उन्होंने बताया कि सभी अध्यापकों ने काला दिवस मनाया है।

# भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उठाया नॉन एनर्जी चार्ज का मुद्दा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि लगातार भाजपा सरकार जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ाने में लगी है। बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने के बाद अब जनता से नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर लूट की जा रही है। बिजली बिलों में नॉन एनर्जी चार्ज जोड़कर उपभोक्ताओं के पास उनकी रीडिंग से ज्यादा बिल भेजे जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जितनी बिजली लोग उपभोग करते हैं, उससे भी दो गुना से ज्यादा चार्ज जोड़कर उन्हें बिल थमाए गए हैं। बिजली कनेक्शन लेते समय उपभोक्ता विभाग को सिक्योरिटी जमा करवाता है। इसके बावजूद अब नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर हो रही इस अतिरिक्त वसूली से जनता बेहद परेशान है। लोग अपने बिजली बिलों को दुरुस्त करवाने के लिए विभाग के चक्कर काटने को मजबूर हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को कोई राहत देने के बजाय, भाजपा उन्हें परेशान करने के लिए, नए-नए तरीके ढूंढती रहती है। पूरे कार्यकाल में कोई नया पावर प्लांट लगाना तो दूर, बीजेपी ने एक यूनिट भी बिजली उत्पादन नहीं किया।

# परिवहन विभाग :एक ट्रैकिंग ऐप बनाया जाएगा: विज

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा में परिवहन विभाग को आधुनिक रूप से कार्य करने के लिए जल्द ही एक टैर्किंग ऐप बनाया जाएगा और इस ऐप को बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है तथा इस संबंध में उनके द्वारा परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं। विज आज चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

**ऐप से बस की जानकारी मिलने पर यात्री नहीं लेगा वैकल्पिक परिवहन सुविधा- विज**

उन्होंने कहा कि ह्यप्रविहन विभाग के ऐप में कौन सी बस



कब आती है और कब जाती है, इस प्रकार की सभी जानकारियां यात्रियों को ऐप के माध्यम से मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ये ऐप आम व्यक्ति के मोबाइल फोन में भी होगी और वह देख सकेगा कि हरियाणा रोडवेज की कौन सी बस आ रही है और जहां पर अमुक व्यक्ति खड़ा है, वहां पर वह अमुक बस कितनी देर में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि इस ऐप के बनने से विभाग के साथ-साथ यात्रियों को भी लाभ होगा क्योंकि जब यात्री को पता होगा कि बस आ रही है तो वह वैकल्पिक परिवहन से जाने की कोशिश नहीं करेगा।

**राज्य के पांच बस अड्डों पर खाने-पीने की चीजें हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी, पायलट प्रोजेक्ट के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव- विज**

परिवहन मंत्री ने बताया कि इसके साथ-साथ कई और मुख्य कदम भी परिवहन विभाग द्वारा उठाए जा रहे है जिसके तहत बस अड्डों/स्टॉप पर अच्छा खाने-पीने का सामान मिलें। उन्होंने बताया कि फिलहाल राज्य के पांच बस अड्डों पर खाने-पीने की चीजें हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संबंध में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एक प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यदि यह पायलट परियोजना सफल होती है तो इसे आगे भी विस्तारित किया जाएगा।

# कैथल में जाट संस्था चुनाव के लिए 30 टीमें गठित, बैलेट पेपर से होगा मतदान

**निष्पक्ष**

**दो फरवरी को होने वाला चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से किया जाएगा: दीपक बाबूलाल**

टीम एक्शन इंडिया

**कैथल।** कैथल में दो फरवरी को होने वाले जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कॉलेजियम चुनाव को लेकर बुधवार को अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव संबंधित पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रशासक दीपक बाबूलाल करवा ने बुधवार को बताया कि आगामी दो फरवरी को होने वाला चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से किया जाएगा। चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाने के लिए 30 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में तीन सदस्य है, इनमें एक पीठासीन अधिकारी तथा दो चुनाव अधिकारी शामिल हैं। इसमें 46 कॉलेजियम निर्विरोध चुने जा चुके हैं। कॉलेजियम नंबर 23 व 71 में कोई नामांकन सही नहीं पाए जाने के कारण खाली रह गए हैं। अब कुल 26 कॉलेजियम में कुल 55 उम्मीदवार मैदान में हैं। उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जा चुके हैं। आगामी दो फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक जाट कॉलेज कैथल में मतदान होगा। उसी दिन शाम को परिणाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान के समय सोसाइटी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र व साथ में कोई भी सरकार द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोट कार्ड साथ लेकर जरूर आए। प्रशिक्षण के दौरान अकाउंट ऑफिसर सुरेंद्र, रजिस्ट्रार कार्यालय से औद्योगिक विस्तार अधिकारी नीतीश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

# ऋण देकर बैंक से धोखाधड़ी करने वाला पूर्व मैनेजर गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**कैथल।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक चीका से कर्ज देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरगोबिंदपुर बस्ती जिला संगरूर पंजाब निवासी मनिंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। मनिंद्र सिंह बैंक में मैनेजर था जिसे धोखाधड़ी का पता चलने के बाद हटा दिया गया था। अदालत ने उसे बुधवार को न्याय की हिरासत में भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक चीका बैंक के मैनेजर नवीन मोर की शिकायत अनुसार मनिंद्र सिंह एक अप्रैल 2018 से 29 अक्टूबर 2019 तक चीका ब्रांच में मैनेजर रहा है।

# देश व प्रदेश का हो रहा चहुंमुखी विकास: गंगवा



**विकास पर बल**

**नागरिकों की समस्याओं का समाधान राज्य सरकार का मुख्य ध्येय : कैबिनेट मंत्री**

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार में देश तथा प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा जो वायदे किए जाते हैं उनको अवश्य पूरा किया जाता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। कैबिनेट मंत्री बुधवार को जिला हिसार के बरवाला विधानसभा क्षेत्र के गांव खोखा तथा खरकड़ी में हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर धन्यवादी दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान रणबीर गंगवा ने गांव खोखा में धानक तथा एससी चौपाल के निर्माण कार्यों के लिए 10-10 लाख रुपये की घोषणा के साथ-साथ बीसी चौपाल के हॉल के निर्माण का भी आश्वासन दिया। इसके अलावा, गांव खरकड़ी में सामान्य, एससी व बीसी चौपाल के लिए 10-10 लाख रुपये तथा ओपन जिम बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों में धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने युवाओं, महिलाओं, गरीब सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं। प्रदेश में डीएससी समाज की भलाई के लिए जो कदम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उठाए हैं।

# बसपा नेता हरबिलास हत्याकांड की गैंगस्टर वेंकट गर्ग ने ली जिम्मेदारी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के नारायणगढ़ में बसपा नेता हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर वेंकट गर्ग ने ली है। वेंकट ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में लिखा है कि नारायणगढ़ कॉम्प्लेक्स में हत्याकांड उसने किया है। उसने धमकी दी है कि जो भी उसके खिलाफ साजिश रचेगा या उसका साथ देगा उसका भी यही हाल होगा।

वेंकट ने इंस्टाग्राम पर डाली पोस्ट में लिखा है- जय महाकाल, जय भवानी। जो नारायणगढ़ कॉम्प्लेक्स में हत्याकांड हुआ है वो मैंने किया है। हमारे खिलाफ साजिश रचने वालों का यही हाल होगा।जो भी हमारे खिलाफ वालों का साथ देगा या उनके साथ किसी भी प्रकार का कोई संबंध रखेगा उसका भी यही हाल करूंगा। जो भी किया है हमने खुद किया। प्रशासन किसी को नाजायज तंग न करें। मेरा किसी गैंग से कोई रिश्ता नहीं है।

न ही कोई दुश्मनी है। हम अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। नुकसान करते वह नहीं देखा जाएगा वो कौन है और किस लेवल का है? सब्र करो, सबका हिसाब होगा। ये तो शुरुआत है। वेट एंड वाच वेंकट गर्ग नारायणगढ़।

इस हत्याकांड में पुलिस ने साजिश रचने के आरोप में श्री साईं धाम सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष मित्तल, प्रोपर्टी डीलर अजय गर्ग, उसकी पत्नी अंजू गर्ग, अजय गर्ग का बेटा तुषार और निहाल व गैंगस्टर के चाचा अरुण गर्ग, गैंगस्टर वेंकट गर्ग और उसके दोस्त साहिल शर्मा को पुलिस ने नामजद किया है। इनमें से वेंकट गर्ग और उसके चाचा अरुण व अजय गर्ग के दोनों बेटे फरार हैं। उधर इस हत्याकांड में साजिश के मामले में अरुण गर्ग, अजय गर्ग, मनीष मित्तल व साहिल शर्मा को गिरफ्तार किया गया। इस हत्याकांड में पुलिस के हाथ पांचों शूटरों तक पहुंच चुके हैं लेकिन इस हत्याकांड का सरगना गैंगस्टर वेंकट अभी पुलिस के शिकंजे से बाहर है।

# गुरुग्राम में फोरेंसिंक लैब स्थापित, अब जल्द हो सकेंगी फोरेंसिंग जांच

**उद्घाटन**

**पुलिस केसों में जांच में तेजी लाने को फोरेंसिंग लैब शुरू**

**जिला फोरेंसिक लैब का उद्घाटन**

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम।** पुलिस केसों की जांच तेजी से हो, इसके लिए बुधवार को यहां पुलिस लाइन में जिला फोरेंसिक लैब शुरू की गई। इस लैब का उद्घाटन पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने कहा कि इस लैब को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य विभिन्न केसों में तेजी लाना, केसों में फॉरेंसिक नतीजे जल्द से जल्द उपलब्ध करवाना है। इस लैब में अपराधों से संबंधित रिकॉर्डिंग की जांच के लिए फिजिक्स डिविजन, एंटी करप्शन की जांच के लिए डिविजन, साइबर फॉरेंसिक एक्सटैक्शन लैब भी स्थापित की जाएगी। इसके अलावा अनुसंधान के लिए ब्लड डिटेक्शन किट तथा नारकोटिक्स डिटेक्शन कीट भी मौका पर उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही इस लैब में पुलिस कर्मचारियों को ई-साक्ष्य पर घटनास्थल के वीडियो/फोटो तथा अन्य साक्ष्य अपलोड करने का भी परीक्षण/ट्रेनिंग दी जाएगी। इस लैब के माध्यम से विभिन्न केसों में फॉरेंसिक से संबंधित जांच को कुशल व प्रभावी बनाया जा सकेगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सभी जांच अधिकारियों को जांच में और अधिक प्रभावी बनाने के लिये समय-समय पर एक्सपर्ट को बुलाकर फॉरेंसिक से संबंधित तथ्यों से सम्बन्धित जानकारी देकर अवगत कराया जायेगा और ट्रेनिंग दी जाएगी। लैब के उद्घाटन अवसर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अर्पित जैन, पुलिस उपायुक्त अपराध

# हरियाणा ने शुरू की शहरों में किफायती आवास की महत्वाकांक्षी योजना

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 (पीएमएवाई-यू 2.0) के कार्यान्वयन के साथ ही शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध करवाने की दिशा बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर परिवार के सिर पर छत के सपने को साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में देशभर में शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध करवाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विजन के अनुरूप,



हरियाणा ने पीएमएवाई-यू 2.0 का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज यहां प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के लिए राज्य स्तरीय स्वीकृति और निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की 17वीं बैठक और प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 (पीएमएवाई-यू 2.0) के लिए एसएलएसएमसी की पहली बैठक की अध्यक्षता की। डॉ. जोशी ने फंड वितरण में खामियों को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया और किसी भी तरह की वित्तीय अनियमितता को रोकने के लिए अधिकारियों को ओटीपी-आधारित सत्यापन प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाभार्थियों की वास्तविकता का आकलन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत नमूना सर्वेक्षण करने पर भी बल दिया कि ऋण वितरण में बैंक उन्हें कुशलतापूर्वक सहायता कर रहे हैं। योजना की कार्यान्वयन प्रक्रिया में सख्त निगरानी और जवाबदेही की आवश्यकता पर बल देते हुए, मुख्य सचिव ने कहा कि इस योजना का लाभ बिना किसी लीकेज के गरीबों तक पहुंचना चाहिए। मुख्य सचिव ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से योजना के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 15,256 आवेदकों को पक्के मकान बनाने के लिए एक मरला प्लॉट आवंटित किए गए हैं। इन सभी लाभार्थियों को पीएमएवाई-यू 2.0 के बेनेफिशरी लेड कंस्ट्रक्शन (बीएलसी) वर्टिकल के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

**बैठक**

**शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध करवाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है**

# अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में केयू बना हरियाणवी संस्कृति का संवाहक

## केयू हरियाणा धरोहर संग्रहालय ने दिया सरस्वती नदी को स्वच्छ रखने का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** तीर्थ स्थल पिहोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2025 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू व हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड ने संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा पवैलियन के माध्यम से पवित्र सरस्वती नदी को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर म्हारा हरियाणा पवैलियन के माध्यम से केयू धरोहर संग्रहालय ने सुन्दर एवं आकर्षक झांकियां प्रदर्शित की हैं जो युवा पीढ़ी को हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रही है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 29 जनवरी से 2 फरवरी



2025 तक चलेगा जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा पवैलियन के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति का संवाहक बना है।

जहां एक ओर प्रदर्शनी के माध्यम से कुरुक्षेत्र धरोहर हरियाणा संग्रहालय गंगा जी के प्यार में, सरस्वती कंठार में, श्री जमुना घागर धार में, म्हारा बसे देश हरियाणा का पवित्र संदेश दे रहा है वहीं दूसरी ओर बेटी के जन्म पर छठी उत्सव मनाने तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पराली न जलाने का भी संदेश दे रहा है।

इस अवसर पर हरियाणा पवेलियन में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड के अध्यक्ष अमरपाल राणा, गऊ सेवा आयोग

**संस्कृति**

**हरियाणा पवैलियन के माध्यम से पवित्र सरस्वती नदी को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया**

के अध्यक्ष श्रवण गर्ग तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा ने कहा कि यह प्रदर्शनी हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति को समर्पित है। इसके साथ ही प्रदर्शनी सरस्वती नदी के विषय में यह बताती है कि महाभारत काल में भीष्म पितामह के बाण से गंगा प्रकट हुई तथा हरियाणा सरस्वती नदी के किनारे पर बसा हुआ है।

हरियाणा पवेलियन में प्रदर्शनी के माध्यम से बताया गया है कि हरियाणवी संस्कृति सबसे समृद्ध है, यहां के रीति-रिवाज, परम्पराएं, लोक व्यवहार, काम-धंधे, लोक संस्कृति का कोई मुकाबला नहीं है। एक ओर जहां युवाओं अपनी समृद्ध लोक संस्कृति से परिचित करवाया जा रहा है वहीं युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्राचीन समय में ग्रामीण लोगों द्वारा कृषि उपकरण, रसोई घर में प्रयोग किए जाने वाले बर्तन के साथ-साथ अन्य अन्य धरोहर को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर हरियाणा पवेलियन के ओवर आल इंचार्ज प्रो. विवेक चावला, केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय के क्यूरेटर डॉ. कुलदीप आर्य, डॉ. हरविन्द्र राणा तथा हरिकेश पपोसा मौजूद रहे।

# सरपंच ने रेत के बदले मांगे पैसे, मना करने पर 20 लोगों के साथ खोदा गड्ढा

**जांच शुरू**

**आरोप है कि सरपंच प्रतिनिधि ने अपने लोगों के साथ मिलकर जेसीबी के रास्ते में गड्ढे खुदवा दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के चन्द्राव गांव में माइनिंग कार्य के दौरान बड़ा हंगामा हुआ। ट्रांसपोर्ट कंपनी में कार्यरत एक व्यक्ति को गांव चन्द्राव के सरपंच प्रतिनिधि बलविंद्र सिंह और 15-20 अन्य लोगों ने माइनिंग कार्य में बाधा डाली और धमकी दी। आरोप है कि सरपंच प्रतिनिधि ने अपने लोगों के साथ मिलकर जेसीबी के रास्ते में गड्ढे खुदवा दिए। कंपनी की तरफ से इंद्री थाना में शिकायत की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी सरपंच प्रतिनिधि व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता अरविंद कुमार ने शिकायत में बताया कि कल शाम को जब उनकी टीम माइनिंग का कार्य कर रही थी, तब सरपंच प्रतिनिधि बलविंद्र सिंह ने उनके पास आकर रेत के बदले पैसे मांगे। जब उन्होंने यह शर्त मानने से इनकार किया तो बलविंद्र सिंह ने गांव के 15-20 लोगों के साथ मिलकर जेसीबी मशीन से उनका रास्ता खोद दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि जेसीबी मशीन गढ़पुरटापू गांव के सरपंच की थी। मौके पर बलविंद्र सिंह के साथ राजू, मोहन, राजकुमार नंबरदार, जिलाराम, काबल नंबरदार, स्वर्ण सिंह और अन्य 10.15 लोग मौजूद थे। इन लोगों ने माइनिंग कार्य में बाधा डालते हुए धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो आगे भी ऐसे ही रुकावटें पैदा की जाएंगी।

घटना के दौरान मौके पर डायल 112 को बुलाया गया। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार अरविंद कुमार और उनकी टीम को जान-माल का खतरा है। इन्द्री थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अरविंद कुमार की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की।

# उपमंडलाधीश ने किया निर्माणाधीन अंडरपास का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** घरौंडा के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) राजेश सोनी ने आज झींवरहेड़ी में निर्माणाधीन अंडरपास का निरीक्षण किया और प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री का जायजा लिया। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों को निर्देश दिये कि अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाये, ताकि लोगों का इससे आवागमन जल्द शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिये। बता दें कि यह अंडर पास पिछले 2 वर्ष से निमार्णाधीन है तथा इसका कार्य डेढ़ वर्ष से रुका हुआ था, जिसमें एसडीएम घरौंडा द्वारा पुनः रेलवे अधिकारियों से बातचीत करके चालू करवाया गया है। यह निर्माण कार्य अगले 2 वर्ष में पूरा होने की संभावना है।

इसके बाद राजेश सोनी ने घरौंडा

**दिशा-निर्देश**

**रेलवे कर्मचारियों को निर्देश दिये कि अंडरपास का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाये**

नये बस अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बसों का बस अड्डे में आवागमन और सुलभ बनाने तथा यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जीटी रोड पर ऊपरगामी पुल के नीचे रास्ते को चौड़ा किया जा रहा है। अभी बसों को अड्डे पर आने-जाने के लिए थोड़ा-सा घुमावदार रास्ता तय करना पड़ता है। इससे हादसे का अंदेशा रहा है। पुल के नीचे रास्ते चौड़ा करने से बसों का सीधे अड्डा में प्रवेश हो सकेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

# सूर्य नमस्कार योगाभ्यास शिविर का किया आयोजन

**प्रदर्शनी**

**सोलर सिस्टम, वॉटर प्यूरीफायर, प्लांट रेजिस्टेंस, इरेपशन आदि विषयों पर अपने मॉडल प्रदर्शित किये**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी के कुशल नेतृत्व तथा कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के योग्य निर्देशन में राजकीय महिला महाविद्यालय बसताड़ा में संयोजिका रचना एवं सह संयोजिका साइंस क्लब रेणु कुमारी के तत्वावधान में महाविद्यालय



स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करवाया गया। प्रदर्शनी में छात्राओं ने क्वांटम डॉट्स,सोलर सिस्टम, वॉटर प्यूरीफायर, प्लांट रेजिस्टेंस, वॉलकेनिक इरेपशन आदि विषयों पर अपने मॉडल प्रदर्शित किये और उत्साहपूर्वक उनकी विवेचना करते हुए दैनिक जीवन में इनकी प्रासंगिकता बतायी। छात्राओं की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच की झलक उनके प्रस्तुतिकरण में स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह द्वारा विज्ञान और तकनीक के महत्व को रेखांकित किया गया और विद्यार्थियों को नवीनीकरण और नवाचार की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी गई। इसके साथ ही आज महाविद्यालय में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार योगाभ्यास की शृंखला महिला प्रकोष्ठ संयोजिका एवं एनएसएस अधिकारी अनुराधा तथा योग क्लब समन्वयक डॉ. सतीश कुमार के संयुक्त प्रयासों से आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का समापन किया गया।

27 जनवरी से प्रारंभ इस तीन दिवसीय योग शिविर में योगाचार्य दर्शन लाल योगी के सान्निध्य में छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकगण ने भी सूर्य नमस्कार, विभिन्न योग क्रियाओं और योगासनों का अभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। छात्राओं को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने के लिए स्वयं कार्यवाहक

# बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवकों से मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा इंद्री में जन्मदिन की पार्टी मनाने जा रहे युवकों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। 18 से 20 बदमाशों ने उनकी चलती कार पर ईंट, पत्थर, रॉड और धारदार हथियार फेंककर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर इंद्री थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बसंत विहार निवासी पुष्कर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कल मेरा जन्मदिन था, जिसके चलते मैंने जन्मदिन की पार्टी दी थी। पार्टी में इंद्री निवासी कृष और अंशुल भी मौजूद थे। पार्टी खत्म होने के बाद मैं अपने दो दोस्तों को छोड? के लिए अपनी कार से इंद्री गया था। पुष्कर ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके दोस्त कृष और अंशुल का इंद्री निवासी यश मेहता से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसी रंजिश के चलते जब हम कार में इंद्री बाजार से गुजरे तो यश मेहता ने अपने 18 से 20 साथियों के साथ मिलकर उनकी कार पर ईंटों, रॉड और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वहां से भाग गए। पीडित ने बताया कि बदमाशों ने पहले से ही पूरी प्लानिंग कर रखी थी।

# युवक को पीटा, पत्नी पर भी की अश्लील टिप्पणी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के संत नगर निवासी हरविंदर सिंह पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने न सिर्फ उसे बुरी तरह पीटा, बल्कि उसकी पत्नी को भी घिनौनी धमकियां दी। आरोपियों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने उसी रात उसकी दुकान पर कब्जा करने की नीयत से ताला भी लगा दिया। घटना 9 जनवरी की है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई, लेकिन 3 दिन तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आज परिवार एसपी से मिलने जिला सचिवालय पहुंचा, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हरविंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 जनवरी को शाम सवा 6 बजे जब वह अपनी दुकान पर पहुंचा और पीछे बाथरूम जाने लगा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। जब उसने दरवाजा खोला तो उसका भतीजा तरनदीप बाहर आया और गाली-गलौज करने लगा। जब हरविंदर के नाबालिग और मानसिक रूप से विक्षिप्त बेटे ने इसका विरोध किया तो तरनदीप ने उसे जान से मारने की धमकी दी। कुछ ही देर में जसप्रीत नाम का युवक मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और दोनों ने मिलकर हरविंद्र पर हमला कर दिया। फिर बाकी 7-8 बदमाश भी लाठी-डंडों के साथ वहां आ गए। वे जबरन हरविंदर को दुकान के सामने से घसीटते हुए पास की एक आरा मशीन में ले गए और 25 मिनट तक बेरहमी से पीटा।

# नागरिकों की समस्याओं का शिविर में हो रहा समाधानः पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र

**निवारण**

**लोग समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का प्रशासन के सहयोग से समाधान करवा रहे : सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश के लोगों के मन में विशेष स्थान बनाने में कामयाब रहे हैं। जनता के प्रति उनका सकारात्मक दृष्टिकोण हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। जनता समाधान शिविर में तत्काल हो रहे समस्याओं के समाधान को लेकर समाधान शिविर के प्रति लोगों की रूचि तेजी से बढ़ रही है। मुख्यमंत्री की प्रबल सोच के कारण ही लोग समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का प्रशासन के सहयोग से समाधान करवा रहे हैं। बुधवार को जिला सचिवालय में आयोजित जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह और एसडीएम ब्रह्मद्प्रकाश ने कहा कि अधिकारियों की जनता के साथ तारतम्य बैठा कर कार्य करने की शैली ने जनता की समाधान शिविर के प्रति रूचि को बढ़ा दिया है। यही कारण हैं की यहां पर लोग सेवेर ही समाधान शिविर में पहुंचना प्रारंभ कर देते हैं।

एसपी लोकेंद्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में समयबद्ध तरीके से आम जन की समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे समाधान शिविर में समस्याओं के समाधान को लेकर पहुंचने वाले लोगों की बात को सुने। जनता का हम पर विश्वास होना जरूरी है। उनकी उम्मीद पर खरा उतरने के लिए हमें कई चुनौतियों को पार करना है। कम से कम समय में उनके द्वारा जो भी समस्या रखी जाती है उनका समाधान करना है।

एसडीएम ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि समाधान शिविर जनता के लिए आयोजित किये जा रहे है। उनकी समस्याओं का समाधान करना ही हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है। इस पर हम सब को खरा उतरना है। जिला परिषद की पूर्व सदस्या कुमारी रंजिता कौशिक ने एसडीएम से अनुरोध किया कि बलवान वासी पानीपत की आयु 72 वर्ष हो चुकी है। मुख्यालय से भी पेंशन बनवाने के निर्देश दिये जा चुके हैं लेकिन पेंशन का अभी तक उनको लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने चमराड़ा के शिलकराम , बलाना की भतेरी की पेंश बनवाने व गवालड़ा के चुहड़ सिंह, केला मांडी का बीपीएल में नाम दर्ज करवाने का भी प्रशासन से अनुरोध किया। एसडीएम ने संबंधित विभाग को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

शिकायतकर्ता कमलेश वासी आजाद नगर ने एसडीएम से अनुरोध किया की अने राशन कार्ड में किसी अज्ञात व्यक्ति का नाम है जिसे हटाया जाये।

# निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कर्ण पार्क का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने साफ-सफाई देखने के मकसद से स्थानीय कर्ण पार्क का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क परिसर घूमकर साफ-सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण में उनके साथ कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा मौजूद रही।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त को पार्क में कुछ जगह साफ-सफाई नहीं मिली, जिसके चलते सम्बंधित कार्यकारी अभियंता को उचित साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्क में हरियाली बनाए रखें। उन्होंने पार्क का उचित रख-



रखाव करने के निर्देश दिए और समय-समय पर साईट विजिट करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि पार्क में बैठने के लिए रखे बैंच सही कंडीशन में होने चाहिएं। अगर कोई खराब हालत में है, तो उसे तुरंत बदला जाए।

पार्क में लगे म्यूजिकल फाउंटेन का भी निगमायुक्त ने निरीक्षण किया। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि फिलहाल फाउंटेन का पानी निकालकर उसकी अच्छे से सफाई करवाई जा रही है। अगले दो-तीन दिन में फाउंटेन को चालू कर दिया जाएगा। निगमायुक्त ने कहा कि इस कार्य को जल्द मुकम्मल किया जाए, ताकि पार्क में सैर-सपाटे के

**निरीक्षण**

**पार्क परिसर घूमकर साफ-सफाई का जायजा लिया। कार्यकारी अभियंता मोनिका भी मौजूद रही**

लिए आए लोग फव्वारे से निकलने वाली धाराओं का गानों के साथ आनंद ले सकें।

दौरे में उन्होंने पाया कि कुछ शरारती तत्व पार्क में बाईक खड़ी कर आवारा गर्दी कर रहे हैं। यह देखकर उन्होंने मौके पर ट्रैफिक पुलिस बुलवाकर सम्बंधित बाईक चालकों के चालान करवाएं। दूसरी ओर कुछ लोग पार्क में ताश खेलते पाए गए। ऐसे लोगों को भी पुलिस द्वारा पार्क से बाहर किया गया और दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी दी गई।

निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील करते कहा कि पार्क उनके घूमने-फिरने व मनोरंजन करने के लिए बनाए गए हैं। वह स्वयं भी इनका अच्छे से ख्याल रखें। पार्क में गंदगी न फैलाएं। खाने-पीने की वस्तुएं के रैपर, पॉलीथिन इत्यादि को डस्टबिन में ही डालें। उन्होंने यह भी अपील की कि पार्क के अंदर व गेट के आगे वाहन खड़ा न करें, इससे अन्य नागरिकों को आने-जाने में दिक्कत होती है।

# संदिग्ध हालात में युवक ने लगाया फंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा में 26 वर्षीय युवक ने संदिग्ध हालातों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक परिजनों ने ससुराल पक्ष पर युवकों मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। युवक तीन बहनों का इकलौता भाई था। वहीं सुसाइड की सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान वार्ड नंबर-14 निवासी हरीश के रूप में हुई है। हरीश की



11 महीने पहले ही शादी हुई थी। शादी के एक महीने बाद ही ससुराल पक्ष ने युवक को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था, जिसके चलते युवक ने आत्महत्या का कदम उठाया। मृतक के पिता साहब सिंह ने बताया कि 11 महीने पहले इकलौते बेटे की शादी कुरुक्षेत्र में हुई थी। ससुराल वालों ने हरीश को मेंटली डिस्टर्ब कर रखा था।

पुत्रवधु प्रीति भी बात बात पर ताने देती थी। किसी न किसी बात को लेकर कलह होता रहा था। इतना ही नहीं करवा चौथ वाले दिन भी बहू ने कलेश किया। 27

# हर मीटिंग में एजेंडा बनाकर काम करें पंचायतः शक्ति सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पानीपत** के बापौली और सनौली के खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में एम डी डी आफ इंडिया के जिला समन्वयक संजय कुमार और सामुदायिक कार्यकर्ता पायल द्वारा बाल विवाह मुक्त जिला बनाने को लेकर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित सरपंचों और ग्राम सचिवों को विस्तार से बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में बताया गया। जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है या उसको बढ़ावा देता है या उसमें सहायता करता है तो 112 नम्बर व? 181नम्बर पर फोन करके सुचित



करें। बाल? विवाह करवाने वाले को 1 साल की सजा व 2 लाख जुमार्ना भी लग सकता है या दोनों भी हो सकते हैं। बाल विवाह रूपी बुराई को जड़ से खत्म करना जरूरी है , तभी लड़कियों के सपने साकार होंगै। बाल विवाह होने से लड़कियों का बचपन भी उनसे छिन जाता तथा जल्द शादी से लड़किया शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर हो जाती है,ऐसे में बाल विवाह के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है; तभी लड़कियां अपने बचपन को अपने इच्छा अनुसार जी पाएगी। इस मुहिम में सरपंचों, ग्राम पंचायत सदस्यों और सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे अपने गांवों में लोगों को बाल विवाह के खिलाफ

**शपथ दिलाई**

**ग्राम सचिवों को विस्तार से बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में बताया गया**

जागरूक करें और उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में बताकर उनका लाभ दिलाएं ताकि बाल विवाह को खत्म किया जा सके। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शक्ति सिंह ने कहा कि एमडीडी ऑफ इंडिया की यह मुहिम बेहद सराहनीय है क्योंकि बाल विवाह लड़कियों की खिलाफ एक सामाजिक अपराध है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। हमें मिलकर इस कुरीति को जड़ से खत्म करना होगा। उन्होंने सभी सरपंचों और सचिवों को बाल विवाह के खिलाफ मैरिज रजिस्टर को नियमित करने और ग्राम स्तरीय बाल अधिकार सुरक्षा कमेटी का गठन करने को हर ग्राम परिषद की मीटिंग में एजेंडा बनाने के निर्देश दिए.इसके अलावा सनोली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ जागरूकता शिविर का आयोजन कर उन्हें बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 200 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है जो 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए पूरे देश में काम कर रहे हैं।

## संपादकीय

# महात्मा गांधी का पुण्य स्मरण

**बापू** की स्मृति सात्विक मूल्यों के लिए सतत संघर्ष की याद दिलाती है। सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (जरूरत से ज्यादा धन-सम्पदा न रखना), प्राकृतिक संसाधनों का दोहन न करना, शारीरिक श्रम, आपसी सौहार्द बनाए रखना गांधी जी के जीवन सूत्र थे। इनको लेकर वे निजी सामाजिक जीवन में खुद चलते थे और अपने साथ के लोगों को उनको अपनाने के लिए कहते थे। उनकी संगति में बहुतेरों ने अपने लिए स्वदेशी विचार-व्यवहार को अपनाया भी। गांधी जी के प्रभाव में खादी और चरखा घर-घर प्रचलित हुआ। स्वावलंबन के लिए सबने व्रत लिया। विकेंद्रीकृत और प्रजातांत्रिक तरीके से स्थानीय स्तर पर सामाजिक जीवन चलाने के कई सफल प्रयोग भी उन्होंने किए। स्थानीय और वैश्विक के अंतर्संबंधों को मानवीय स्तर पर समझने की उनकी कोशिश अनोखी थी। सीधा-सादा, सच्चा और लोक की रक्षा को समर्पित उनकी नीति स्वभाव में समावेशी थी। उन्होंने एक मानवीय राजनीतिक संस्कृति का सूत्रपात किया और साहस के साथ उसे अपनाया। जीवन भर गांधी जी प्रयोग करते रहे और स्वयं को परखते रहे। उनके लिए द्वासर्वह्न का कल्याण उचित अनुचित तय करने की कसौटी थी। इस तरह की सोच समय से आगे थी और स्वतंत्र भारत के कर्णधारों को कदाचित बहुत प्रिय नहीं थी इसलिए उसका हाशियाकरण उनके जीते जी ही शुरू हो गया था जिसे वह प्रकट भी कर रहे थे। स्वतंत्र भारत में मनाए गए पहले और अंतिम जन्म दिवस पर दो अक्तूबर 1947 को उन्होंने बड़े दुखी मन से अपनी मृत्यु की कामना की थी। कुछ महीनों बाद ही 1948 की जनवरी में उनके आकस्मिक और मर्मांतक दैहिक अवसान से देश के सम्मुख कई प्रश्न खड़े हुए। उनके विचार जीवित हैं और उनको स्मरण भी किया जाता है परंतु अब अनुष्ठान अधिक हैं और उनको व्यवहार के धरातल पर उनको उतारना बेहद मुश्किल हो रहा है। अब तो कई नेता देश की प्राथमिकता को दांव पर लगाने में भी लोग नहीं चूकते। अपने मूल सैद्धांतिक स्वभाव से राजनीति जनार्दन की जनता की सेवा के लिए है और सरकार का दायित्व और काम मुख्यतः जनता की सुख-सुविधा की व्यवस्था को सुनिश्चित करना और उनके लक्ष्यों को पाने में मदद करना है। इस दृष्टि से नेतागिरी समाज को समर्पित जनसेवा का उपक्रम हो जाता है। सच्चाई और ईमानदारी देश के निर्माण और प्रगति का आधार होता है। यह दुखद सच्चाई है कि बदलते दौर में अब भारत की राजनीतिक पार्टियां देश सेवा से विराट हो कर व्यापार और उद्योग धंधे का रूप लेती जा रही हैं। अब इन पार्टियों के चुनाव प्रचार का नजारा वोट की फसल खरीदने के लिए बोली लगाने जैसा होता जा रहा है। चुनाव में भाग लेने वाली एक पार्टी हिसाब लगा कर वोट बेंचने के लिए मतदाताओं तक पहुंच कर उसको खरीदने का सौदा करती है। यह कहते हुए वैध या पात्र मतदाता का पंजीकरण किया जाता है और आश्वस्त किया जाता है कि अगर उनकी सरकार बनी तो उसे कुछ हजार रुपए जरूर दिए जाएंगे। इस तरह के अवैध और अनर्गल प्रयास यही साबित करते हैं कि छद्म, छल और कपट से वोट को खरीदना और बटोरना धोखेदार राजनेताओं की पसंदीदा शैली होती जा रही है। ऐसे में राजनीतिज्ञों की बिरादरी की साख तेजी से घट रही है और उन पर आम जनों का भरोसा घटता जा रहा है। अब मंच, रैली और फोन आदि भिन्न-भिन्न तरीकों से मतदाताओं तक अधिकाधिक पहुंच बनाई जाती है। घर-घर चलते घनघोर प्रचार के साथ वादा, संकल्पों और गारंटियों के एक से एक तोहफों की घोषणाओं की भरमार होती है।

# फ्री योजनाएं: जन कल्याण या आर्थिक दिवालियापन का मार्ग?

**प्रो. महेश चंद गुप्ता-**

> वहीं दूसरी ओर भाजपा 18 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं के लिए पेंशन और ऐसे लाभ देने का वादा करने का लोभ संवरण नहीं कर पाई है। भाजपा ने महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया है। भाजपा ने गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर पर पांच सौ रुपये सब्सिडी व होली-दिवाली पर एक मुफ्त सिलेंडर देने का भी एलान किया है। आप आदमी पार्टी ने महिलाओं को हर महीने 2100 एवं कांग्रेस ने हर महीने 2500 देने का वादा किया है। एक ओर जनसंख्या नियंत्रण की बात कही जाती है तो दूसरी ओर भाजपा ने गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता और छह पोषण किट, पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये और दूसरे बच्चे के लिए 6,000 रुपये देने का वादा किया है। क्या इससे गरीबों में लोग ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित नहीं होंगे?

**देश की** राजनीति में चुनावी वादों के तहत फ्री योजनाओं का चलन गहन बहस का विषय बना हुआ है। दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच यह मुद्दा फिर से राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन चुका है। कल्याणकारी राज्य के सिद्धांत पर आधारित भारत में जन कल्याणकारी योजनाएं स्वाभाविक हैं लेकिन इन योजनाओं का स्वरूप जब मुफ्त रेवड़ियां बांटने जैसा हो जाए तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह चलन देश के लोगों को आत्म निर्भरता की ओर ले जा रहा है या पराश्रितता की ओर धकेल रहा है?

दिल्ली चुनाव में महिलाओं को नकद पैसा देने की घोषणाओं की होड़ है। विभिन्न राज्यों में चुनावों के समय ऐसा ही किया जा रहा है। मतदाताओं को बिजली, पानी, बस यात्रा सुविधा फ्री में दी जा रही है। इसके बाद अब पैसा भी देंगे, यह रवैया समझ से बाहर है। विभिन्न देश अपने नागरिकों की शिक्षा, चिकित्सा आदि पर खर्च करते हैं पर नकद देने का उदाहरण शायद भारत में पहला ही है। माना, एक कल्याणकारी राज्य होने के नाते लोगों का जीवन सुखमय एवं सुविधा पूर्ण बनाना सरकारों का दायित्व है और ऐसी योजनाओं को जनता में लोकप्रियता मिल रही है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हम एक कल्याणकारी राज्य की परिभाषा से भटक रहे हैं और लोगों को हर चीज फ्री में देने की लत लगाकर आखिर हम देश को कहां ले जा कर खड़ा करना चाहते हैं? देश के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना सरकारों का दायित्व है। प्राचीन काल से ही शासक जनता की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखते आए हैं। प्राचीन भारत में मौर्य राजवंश के सम्राट अशोक और विजयनगर के राजा कृष्णदेव राय ने जनता की सुख सुविधाओं का ध्यान रखा और जन-जन की भलाई के काम किए। लेकिन तब राज्य का ध्यान केवल जरूरतमंदों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने और समाज में समानता लाने पर केंद्रित था। स्वतंत्रता के बाद समाजवादी और मिक्स इकोनॉमी मॉडल के तहत गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई गईं पर आज ये योजनाएं मूलभूत जरूरतें पूरी करने से ज्यादा वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बन चुकी हैं। देश का धन समाज के



कल्याण और राष्ट्र की सुरक्षा पर खर्च हो, यह ठीक है मगर जिस तरह चुनाव जीतने के लिए इसे फ्री घोषणाओं पर लुटाया जा रहा है, उससे तो यह एक विकृति के रूप में सामने आ रहा है। भारत में रेवड़ी बांटने का चलन शुरू करने का श्रेय दक्षिण भारत की पार्टियों को है। वहां 1967 में मद्रास के चुनावों में मुफ्त उपहारों का चलन पहली बार शुरू हुआ। तब राज्य में गंभीर खाद्य संकट था। ऐसे में सीएन अन्नादुरई के नेतृत्व में डीएमके ने एक रुपये प्रति किलो चावल उपलब्ध कराने का वादा किया। नतीजतन, मतदाताओं ने वहां 234 विधानसभा सीटों में से 138 सीटें डीएमके की झोली में डाल दीं। इसके बाद तो तमिलनाडु में ऐसी प्रतिस्पर्धा शुरू हुई, जिसमें हर पार्टी मुफ्त चावल, कलर टीवी, ग्राइंडर, पंखे, लैपटॉप देने के वादे करती नजर आई। बिहार में जेडीयू और ओडिशा में बीजेडी ने छात्राओं को मुफ्त साइकिल देने का वादा करके महिला मतदाताओं को लुभाया। इस प्रकार राज्यों में रेवड़ी कल्चर चल रही थी लेकिन इसे आम आदमी देश की राजनीति में एक तरह से मुख्यधारा में ले आई। आप ने 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनावों में मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा किया। बुनियादी सुविधाएं मुफ्त में देने का वादा किए जाने का यह पहला मौका था। अब वोटों की राजनीति में कौनसी पार्टी इससे कैसे दूर रहे। पीएम नरेन्द्र मोदी ने मुफ्त की रेवड़ी की आलोचना की है। मोदी का कहना है कि इस तरह के वादे करके वोटरों को लुभाना राष्ट्र निर्माण नहीं, बल्कि राष्ट्र को पीछे धकेलने की कोशिश है। वहीं दूसरी ओर भाजपा 18 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं के लिए पेंशन और ऐसे लाभ देने का वादा करने का लोभ संवरण नहीं कर पाई है। भाजपा ने महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया है। भाजपा ने गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर पर पांच सौ रुपये सब्सिडी व होली-दिवाली पर एक मुफ्त सिलेंडर देने का भी एलान किया है। आप आदमी पार्टी ने महिलाओं को हर महीने 2100 एवं कांग्रेस ने हर महीने 2500 देने का वादा किया है। एक ओर जनसंख्या नियंत्रण की बात कही जाती है तो दूसरी ओर भाजपा ने गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता और छह पोषण किट, पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये और दूसरे बच्चे के लिए 6,000 रुपये देने का वादा किया है। क्या इससे गरीबों में लोग ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित नहीं होंगे? सरकार वर्तमान में 140 करोड़ की जनसंख्या में से 80 करोड़ लोगों को फ्री अनाज बांट रही है। राज्यों में बिजली, पानी, बस यात्रा, लैपटॉप आदि हर चीज मुफ्त में देने पर जोर है। मुफ्त योजनाओं के कारण जनता में हर चीज मुफ्त में पाने की आदत बढ़ रही है। इससे लोग आत्मनिर्भर और सक्षम बनने के बजाय, पराश्रित और सरकार पर निर्भर हो रहे हैं। मुफ्त योजनाओं के वादे अप्रत्यक्ष रूप से वोट खरीदने का जरिया बन चुके हैं। फ्री योजनाओं पर विभिन्न राज्य भारी धन खर्च कर रहे हैं। इससे लगातार बढ़ता राजस्व घाटा और विकराल रूप लेती देनदारियां राज्यों की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विभिन्न राज्य भारी भरकम कर्ज में डूबे हुए हैं। हिमाचल प्रदेश की सरकार मार्च 2024 तक करीब 87 हजार करोड़ रुपए के कर्ज के तले दबी है और आशंका है कि यह कर्ज मार्च 2025 तक 95 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। 2022 में हिमाचल में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की 300 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को हर महीने1500 रुपये देने जैसी घोषणाओं का यह नकारात्मक प्रभाव है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति कर्ज 1 लाख 17 हजार रुपए पहुंच चुना है। कर्ज और खर्च के असंतुलन के कारण सरकारी कर्मचारियों के वेतन और पेंशन चुकाना मुश्किल पड़ रहा है। कर्नाटक में ठेकेदारों का 25 हजार करोड़ रुपए का बकाया चुकाने में असमर्थता के कारण कई विकास परियोजनाएं ठप्प होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पंजाब में फ्री बिजली ने अर्थ व्यवस्था की कमर तोड़ दी है। वहां 80 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ता फ्री बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। पंजाब का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो चुका है। राजस्थान में भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने फ्री योजनाओं का अंबार लगा दिया। फ्री योजनाओं पर हाल में एसबीआई की एक रिपोर्ट चिंतित कर रही है। एसबीआई की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि महिलाओं के खाते में डायरेक्ट पैसा भेजने वाली योजनाओं की सुनामी राज्यों का दीवाला निकाल सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खाते में सीधे नकद धनराशि भेजने की योजनाओं का चलन हाल के वर्षों में और खासकर चुनाव के दौरान काफी बढ़ा है। इस तरह की पहल राज्य की वित्तीय स्थिति को नुकसान पहुंचा सकती है। रिपोर्ट में कुछ राज्यों की ओर से की गई ऐसी योजनाओं को विशुद्ध चुनावी राजनीति से प्रेरित बताया गया है। रिपोर्ट में चिंता जताई गई है कि अगर यही स्थिति रही तो अन्य राज्य भी ऐसी घटनाओं के लिए बाध्यकारी होने लगेंगे और यह चुनावी वादों का प्रमुख हिस्सा बन जाएंगे। केन्द्र सरकार पर भी ऐसी योजनाओं के लिए दबाव बनेगा जिससे बजट का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित हो सकता है। इससे विकास योजनाओं की गति अपेक्षाकृत धीमी पड़ सकती है।

## कविता

चलिए मधुर गीत लिख लेते हैं।

इससे पहले कि हवाएं
शब्द भंडार ले जाएं
चलिए मधुर गीत लिख लेते हैं।

इससे पहले कि हिम श्रृंखलाओं
की बर्फ पिघल जाए,
उससे कुछ ठंडी छुअन ले लेते हैं।

इससे पहले कि
लंबी
वृक्ष श्रृंखलाएं ग्रीष्म में
पत्तों को त्याग दें,
कुछ बसंत ले लेते हैं।

इससे पहले कि
जीवन मधुर संगीत
सुनाना बंद कर दे,
कुछ स्वर लहरी
गुनगुना ले लेते हैं।

इससे पहले कि जीवन
कि सांध्य बेला
मौसम पर छा जाए,
अपने अंदर के बच्चे को
जी लेते हैं।

संजीव

## बढ़ रही सामाजिक विषमताएँ ?

**डॉ. अजय कुमार मिश्रा**

**लगातार** हो रहे सामाजिक और आधुनिक परिवर्तन ने सभी को प्रभावित किया है खास कर नई पीढ़ी को, इन प्रभावों ने लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव डाले है जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के है सकारात्मक कई प्रभाओं में से एक हम महसूस कर सकते है की स्वच्छता को अधिकांश लोगों ने अपनाया है और अब पहले से वो परिवर्तित दिखना शुरू हो गए है इसी कड़ी के दूसरे पहलू को देखा जाय तो अब अधिकांश लोग खास कर युवा पीढ़ी ने सुन्दरता के नाम पर आधुनिक सुन्दरता को सर्वोपरि मान लिया है जिनमे महंगे कपड़े, ब्रांडेड फोन, चश्मे, गाड़ियाँ उनकी प्राथमिकता बन गयी है साथ ही आकर्षक, चमकते चेहरे उन्हें बेहद प्रभावी लग रहे है और वो स्वयं उनसे प्रभावित होने भी लगे है जबकि इसके पीछे की वास्तविक सच्चाई से कोई भी परिचित नहीं होना चाह रहा आज सभी स्वयं में सुंदर दिखने के साथ झसाथ अपना साथी भी सुंदर चाह रहे और जानबूझकर अन्य गुणों की अनदेखी कर रहे जिससे न केवल समाज में विषमता पैदा हो रही बल्कि विचारवान और गुणवानों पर वाह्य सुन्दरता भारी दिख रही है। उक्त बातों को जोरदार समर्थन सोशल मीडिया ने दिया है और आज हर कोई विभिन्न मुद्राओं में तस्वीरों को तकनीकी से और अधिक खुबसूरत बनाकर सोशल मीडिया के जरिये सभी का ध्यान आकर्षित करने में लगा हुआ है युवाओं को बात करें तो इन्स्टाग्राम रील्स ने एक ऐसी बाढ़ ला दिया है की अधिकांश देखने / बनाने वालें लोगों को सही और गलत का कोई एहसास ही नहीं रहा ध्यान आकर्षित करने के लिए लोग अर्धनग्न / अडल्ट कंटेंट भी बेधड़क दिखाने लगे है और ध्यान आकर्षित करना चाह रहें जो लड़के लड़कियां रील्स नहीं बना रहे वो जरुर फेसबुक आदि सोशल प्लेटफार्म पर अपनी बेहतरीन तस्वीर प्रस्तुत करने में लगें है नव-युवकों में प्रेम और सुन्दरता की सच्ची परिभाषा का अब लोप होने लगा है और उन्हें सबसे सुंदर ही युवक युवती सर्वगुण सम्पन्न समझ में आ रहे है। क्या यह समाज इतना परिवर्तित हो गया है की कम सुंदर दिखने और गुणों से संपन्न लोगों के लिए अब स्थान सीमित बचा हुआ है ? सुंदर होना या न होने की आवश्यकता को गहराई से देखा जाए तो व्यक्ति के विचार और व्यवहार और आपके प्रति समर्पण से सुन्दरता को देखा जाना चाहिए। परन्तु सामाजिक विकास की गति ने सभी के मन मस्तिष्क को कुंठ कर दिया है। आज वही श्रेष्ठ लगने लगा है जो दिखने में सुंदर है जबकि अति आवश्यक अन्य गुणों की लोग परवाह ही नहीं कर रहें है आज सभी की इच्छाएं तेजी से अपनी संतुष्टि की तरफ बढ़ रही है जो मानव और मानव सभ्यता के लिए बेहद खतरनाक शाबित होने वाला है तकनीकी ने इसमें आग में घी डालने का कार्य किया है जहाँ हम सभी उस पर आधारित होते चले जा रहे है।

## विचार

# हिंदू परंपराओं में महाकुंभ मेले का महत्त्व

**सत्यवान सौरभ**

**महाकुंभ** विविध पृष्ठभूमि के लाखों व्यक्तियों को एकजुट करता है, सामाजिक सामंजस्य और सांस्कृतिक संपर्क के लिए एक स्थान स्थापित करता है। यह आयोजन पर्यटन, स्थानीय व्यवसायों के लिए समर्थन और रोजगार सर्जन के माध्यम से आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करता है। आगामी 45-दिवसीय धार्मिक उत्सव 2012 के महाकुंभ की तुलना में तीन गुना बड़ा और अधिक महंगा होने का अनुमान है। हर दिन लाखों भक्तों के भाग लेने के साथ, महाकुंभ दुनिया भर में सबसे बड़ी सभाओं में से एक है, जो भारत के आध्यात्मिक महत्त्व का प्रतीक है। प्रयागराज, जहाँ गंगा, यमुना और सरस्वती नदियाँ मिलती हैं, का आध्यात्मिक महत्त्व बहुत अधिक है और इसे अक्सर भारतीय ग्रंथों में "सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल" के रूप में वर्णित किया जाता है। इस वर्ष, महाकुंभ मेला पौष पूर्णिमा की शुभ तिथि पर शुरू हुआ, जो 13 जनवरी, 2025 को हुआ और 26 फरवरी, 2025 तक चलेगा। इस वर्ष का महाकुंभ मेला विशेष रूप से विशेष है क्योंकि नक्षत्रों का संरेखण ऐसा कुछ है जो हर 144 वर्षों में केवल एक बार होता है। महाकुंभ मेला हिंदू धर्म में सबसे महत्त्वपूर्ण और पूजनीय धार्मिक समागमों में से एक है, जो हर बारह साल में चार पवित्र स्थलों पर होता है: प्रयागराज (जिसे पहले इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था), हरिद्वार, उज्जैन और नासिक। महाकुंभ मेला एक पवित्र तीर्थयात्रा है जो 12 वर्षों की अवधि में चार बार होती है, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी शांतिपूर्ण सभा के रूप में मान्यता प्राप्त है। अनगिनत तीर्थयात्री आध्यात्मिक मुक्ति और पापों की शुद्धि की तलाश में पवित्र नदियों में डुबकी लगाने के लिए इकट्ठा होते हैं। कुंभ मेले की मूल कथा पुराणों में पाई जाती है, जो प्राचीन मिथकों का संग्रह है। आम तौर पर यह माना जाता है कि भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण करके कुंभ को लालची राक्षसों से छीन लिया था, जिन्होंने इसे हड़पने का प्रयास किया था। कुंभ मेले की शुरुआत हजारों सालों से होती आ रही है, जिसका उल्लेख मौर्य और गुप्त दोनों युगों (4वीं शताब्दी ईसा पूर्व से 6वीं शताब्दी ई.पू.) में मिलता है। इसे चोल, विजयनगर साम्राज्य, दिल्ली सल्तनत और सम्राट अकबर सहित मुगलों जैसे शाही परिवारों से संरक्षण प्राप्त हुआ। महाकुंभ मेले की शुरुआत 8वीं शताब्दी के विचारक आदि शंकराचार्य द्वारा दर्ज की गई थी। 19वीं शताब्दी में जेम्स प्रिंसेप जैसे ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा दर्ज किए गए इस मेले का भारत की स्वतंत्रता के बाद महत्त्व बढ़ गया, यह एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। 2017 में, यूनेस्को ने इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में स्वीकार किया, जो भारत की स्थायी परंपराओं को उजागर करता है। यह त्यौहार बहुत आध्यात्मिक महत्त्व रखता है, जो हिंदू पौराणिक कथाओं और रीति-रिवाजों में गहराई से समाया हुआ है। कुंभ मेले की उत्पत्ति समुद्र मंथन या समुद्र मंथन से जुड़ी है, जिसके दौरान देवताओं (देवों) और राक्षसों (असुरों) ने अमरता के अमृत को सुरक्षित करने के लिए मिलकर काम किया था। मिथक के अनुसार, इस मंथन के दौरान, अमृत से भरा एक घड़ा (कुंभ) सतह पर आया था। राक्षसों को इसे जब्त करने से रोकने के लिए, भगवान विष्णु ने मोहिनी के वेश में घड़ा लिया और भाग निकले। परिणामस्वरूप, अमृत की बूँदें चार स्थानों पर गिरीं: प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक। तब से ये स्थान हिंदुओं के लिए पूजनीय तीर्थ स्थल बन गए हैं, माना जाता है कि त्यौहार के दौरान उनके जल में स्नान करने वालों को आध्यात्मिक लाभ मिलता है। महाकुंभ मेले का प्राथमिक समारोह शाही स्नान है, जिसके दौरान लाखों भक्त महत्त्वपूर्ण समय पर पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह अभ्यास व्यक्तियों को उनके पापों से शुद्ध करता है और उन्हें पुनर्जन्म (संसार) के चक्र से मुक्त करता है, अंततः उन्हें मोक्ष या आध्यात्मिक मुक्ति की ओर ले जाता है। प्रयागराज में गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती का मिलन स्थल मोक्ष प्राप्ति के लिए विशेष रूप से प्रतिष्ठित है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, सम्पपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
**ई-मेल : actionindianews@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# इबादत के दुश्मन ये संकीर्ण व रुग्ण मानसिकता के लोग

**निर्मल रानी**

**जिस समय** अबू धाबी में स्वामीनारायण मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गत वर्ष 14 फरवरी 2024 को किया गया था उस समय भारतीय मीडिया में इसकी जोरदार चर्चा हुई थी। अबू धाबी में 27 एकड़ जमीन पर बने इस पहले एवं विशाल हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में 42 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस मंदिर के निर्माण हेतु 13.5 एकड़ जमीन अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद ने वर्ष 2015 में बीएपीएस संस्था को दान स्वरूप भेंट की थी। गौरतलब है कि संयुक्त अरब अमीरात में लगभग 26 लाख भारतीय रहते हैं जो वहां की कुल जनसंख्या का लगभग 30% हिस्सा है। इससे पहले दुबई में भगवान शिव व भगवान कृष्ण के दो अलग अलग मंदिर और एक गुरुद्वारा तथा अबू धाबी में एक चर्च पहले से मौजूद थे परन्तु यहाँ कोई मंदिर नहीं था। हालांकि अबू धाबी में निर्मित हुये इस विराट व भव्य मंदिर के निर्माण के बाद यह प्रचारित करने की कोशिश की गयी कि यह अरब जगत में निर्मित पहला हिंदू मंदिर है परन्तु यह सच्चाई से कोसों दूर गोदी मीडिया द्वारा सत्ता की चापलूसी के लिये गढ़ा गया एक नरेटिव मात्र था। क्योंकि बहरीन की राजधानी मनामा में सिंधी हिंदू समुदाय का श्रीनाथजी का मंदिर एक सदी से भी अधिक पुराना है। पड़ोसी देश सऊदी अरब में रहने और काम करने वाले हिंदू भी पवित्र अवसरों पर इस मंदिर में पूजा-पाठ करने आते हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में 125 वर्ष प्राचीन मोतीश्वर मंदिर भगवान शंकर का मंदिर है। जबकि मस्कट के ही रुवी में 150 साल पुराना कृष्ण-विष्णु मंदिर भी है। इस मंदिर को ओमान के सुल्तान ने ओमान में बसे गुजराती हिन्दू समुदाय के लिए मित्रता के प्रतीक के रूप में निर्मित कराया था। इसके अलावा भी दुबई में संपन्न भारतीय समुदाय में दक्षिण भारतीयों के अलावा सिंधी, मराठी, गुजराती, पंजाबी और करीब सभी प्रमुख धर्मों के कई दशकों पुराने अनेक धार्मिक स्थान हैं। यहाँ इन्हीं मंदिरों में ही पूजा अर्चना,हवन यज्ञ धर्म व आध्यात्मिक से जुड़े समारोह, उत्सव व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## कैसे ग्रामीण भारत ने स्कूली शिक्षा में प्रदर्शन किया

**विजय गर्ग**

ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों ने शुरुआती ग्रेड पढ़ने के कौशल में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रदर्शन किया। हाल की एक रिपोर्ट के अनुसार, कक्षा 3 के 23.4% छात्र 2024 में कक्षा 2-स्तरीय पाठ को पढ़ सकते हैं, 2022 में 16.3% से ऊपर। यह एक दशक में कक्षा 3 के छात्रों के लिए उच्चतम पढ़ने का स्तर है और पूर्व-साहसी आंकड़ों को पार करता है। 2018, जो 20.9%था।

**डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर असमानताएं:**

इन लाभों के बावजूद, एक महत्वपूर्ण डिजिटल विभाजन ग्रामीण और शहरी स्कूलों के बीच बना रहता है।

शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि शहरी क्षेत्रों में 47.29% की तुलना में केवल 18.47% ग्रामीण स्कूलों में इंटरनेट का उपयोग है। यह 29% अंतर ग्रामीण छात्रों की ऑनलाइन सीखने के संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता को सीमित करता है।

**सरकार की पहल:**

2022 में शुरू की गई पीएम श्री योजना का उद्देश्य पूरे भारत में 14,500 से अधिक स्कूलों में शिक्षा और बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता को बढ़ाना है। अक्टूबर 2024 तक, इस योजना को देश भर में 10,855 स्कूलों में लागू किया गया है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करने वाले अनुकरणीय स्कूलों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

**पोषण संबंधी चुनौतियां:**

उच्च खाद्य मुद्रास्फीति ने सरकार द्वारा वित्त पोषित स्कूल भोजन कार्यक्रमों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है, जिससे स्कूली बच्चों को प्रदान किए गए भोजन में कम सामग्री और कम पोषण हो गया है। बढ़ती कीमतों के बावजूद, भोजन कार्यक्रम का बजट अक्टूबर 2022 से अपरिवर्तित रहा है, जिससे एक लाख सरकारी स्कूलों में 120 मिलियन बच्चों को प्रभावित किया गया है। सारांश में, जबकि 2024 में सीखने के परिणामों में सुधार देखा और ग्रामीण शिक्षा को बढ़ाने के लिए सरकारी प्रयासों को जारी रखा, डिजिटल बुनियादी ढांचे की असमानताओं और स्कूल भोजन कार्यक्रमों में पोषण संबंधी कमियों जैसी चुनौतियां मुद्दों पर दबाव बना रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम कार्यालय पर सीएम फ्लाइंग का छापा



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** पुरानी अनाज मंडी स्थित हरियाणा पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम कार्यालय पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापा मारा। टीम सुबह सवा 9 बजे कार्यालय में दाखिल हुई। टीम ने पहुंचते ही सबसे पहले हाजिरी रजिस्टर और पूरा रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिया। इस छापेमारी के बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी दंग रह गए।
टीम को जांच के दौरान काफी अनियमितताएं भी पाई गई। फील्ड अधिकारी भी गैरमौजूद पाए गए। छापेमारी के दौरान टीम ने पिछड़े वर्ग को दिए जाने वाले लोन समेत अन्य सरकारी योजनाओं की फाइलें खंगालीं। इस दौरान करीब 1100 फाइलें लंबित पाई गई। वहीं टीम अन्य फाइलों की भी जांच कर रही है। सीएम फ्लाइंग डीएसपी सुशील कुमार ने बताया कि हमें इस कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के बारे में काफी समय से शिकायतें मिल रही थी। कई शिकायतें यह भी आ रही थी कि जिनके पास लोन लेटर है, उन्हें लोन नहीं दिया जा रहा है। वहीं अधिकारी और कर्मचारी पूरे दिन कार्यालय नहीं आते हैं। सुशील कुमार ने बताया कि अब तक जांच में करीब 1100 फाइल पेंडिंग पाई गई हैं। बहुत सी ऐसी फाइलें भी हैं, जो सरकार की योजनाओं के पात्र हैं, लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान एक फील्ड ऑफिसर गुरमीत सिंह भी गैर हाजिर पाए गए हैं। डीएसपी सुशील कुमार ने बताया कि जांच के दौरान जो भी खामियां पाई जाएंगी। उसकी रिपोर्ट बनाकर हैड ऑफिस में दी जाएगी, ताकि खामियों में सुधार हो सके और जो अधिकारी व कर्मचारी खामियों का जिम्मेदार है, उस पर विभागीय कार्रवाई हो सके।

### कोहरे के कारण हाईवे पर आपस में भिड़े 4 वाहन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** नेशनल हाईवे पर कोहरे के कारण एक के बाद एक, चार वाहन भिड़ गए। हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम पर काबू पाया। वहीं क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से साइड किया गया। करीब एक घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। इस हादसे में कैंटर के ड्राइवर और क्लीनर समेत 20 से ज्यादा लोगों को चोटें आई हैं। हरियाणा रोडवेज बस के कंडक्टर अमित ने बताया कि आज सुबह हम यमुनानगर से दिल्ली के लिए बस लेकर निकले थे। साढ़े 9 बजे के करीब जब हम नेशनल हाईवे गांव कंबोपुरा के पास पहुंचे तो उनसे आगे दो गाडि़यां भिड़ी हुई थी। जिसके चलते ड्राइवर योगेश ने एक दम बस की ब्रेक लगा दी।
अमित ने बताया कि बस में करीब 40 से 45 सवारियां थी। जैसे ही बस रुकी तो पीछे से आ रहे कैंटर चालक ने बस में टक्कर मार दी। इस दौरान करीब 20 से ज्यादा सवारियों को चोट आई। वहीं देखते ही देखते हाईवे पर लंबा जाम लग गया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त गाडि़यों को क्रेन की मदद से साइड किया। इस हादसे में कैंटर में सवार ड्राइवर व क्लीनर को भी काफी चोटें आई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। ड्राइवर ने बताया कि बस चालक की गलती से कैंटर बस में टकराया था। हमारी कोई गलती नहीं थी। हम तो चंडीगढ़ से गाजियाबाद सामान लोड करके ले जा रहे थे। सूचना मिलते ही मधुबन थाना व हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से सभी क्षतिग्रस्त गाडि़यों को साइड किया, लेकिन तब तक

# भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी विभिन्न मुद्दों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

### मजदूरो के कर्ज माफी के लिए आदि मुद्दों को लेकर समालखा उप मंडलीय परिसर में धरना प्रदर्शन किया

टीम एक्श इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )
**भारत** की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ, महिला व दलितों के उत्पीड़न, एमएसपी की गारंटी, किसान और मजदूर विरोधी कृषि व्यापार बिल का मसौदा के विरोध, किसानों व मजदूरों के कर्ज माफी के लिए, स्मार्ट मीटर आदि मुद्दों को लेकर समालखा उप मंडलीय परिसर में धरना प्रदर्शन आयोजित किया। स्थानीय समस्याओं बारे पट्टीकलियाणा, झांबा, हलदाना आदि गांवों के लोगों द्वारा उप मंडल अधिकारी (नागरिक) को अलग-अलग मसलों बारे शिकायत पत्र भी दिये गए। माकपा राज्य सम्मेलन के आह्वान पर मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी जिला सांगठनिक




कमेटी पानीपत के नेतृत्व में डॉ सुरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में 11 बजे से बाद दोपहर 2 बजे तक एस डी एम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोन्धित करते हुए माकपा जिला कमेटी सदस्य अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेन्द्र ने धरना सभा की कार्रवाई को संचालित करते हुए कहा कि संविधान का निर्माण देशवासियों द्वारा दी गई असंख्य कुर्बानियों से मिला है। संविधान निर्माताओं ने जो आजादी के आंदोलन में सरोकार स्थापित हुए उन मूल्यों व सरोकारों को संविधान में स्थान दिया। मौजूदा सरकार ने संविधान के सामने कई तरह के संकट पैदा कर दिए है। देश की सवैधानिक संस्थाए संकट में है। हमें मिल जुलकर इस संकट का मुकाबला करना होगा।
मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है जिससे लोगों का जीना दुर्भर होता जा रहा है। इस महंगाई से बड़ी-बड़ी कंपनियों का मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। मोदी सरकार ने पूंजीपतियों को आम जनता को खुला लूट करने के लिए छोड़ दिया है। माकपा जिला सचिव डॉ सुरेंद्र मलिक ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा 24 जनवरी से 31 जनवरी तक पार्टी द्वारा महंगाई , बेरोजगारी , सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण, महिला व दलित उत्पीड़न, एम एस पी, कृषि व्यापार बिल का मसौदा, आदि समस्याओं पर गांवों में अभियान चलाया जा रहा है।

# युवाओं और किसानों मिलेगी ड्रोन ट्रेनिंग

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )
डीसी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने युवा किसानों और बेरोजगार युवाओं को मुफ्त ड्रोन पायलट प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को ड्रोन तकनीक से परिचित कराना और खेती में लागत व श्रम की बचत सुनिश्चित करना है। 27 जनवरी से आवेदन शुरू हो चुके हैं व 10 फरवरी तक करें ऑनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है। डीसी ने कहा कि ड्रोन तकनीक से किसानों को कई फायदे होंगे। इससे न केवल फसलों पर कीटनाशकों और उर्वरकों का छिड़काव आसान होगा, बल्कि सटीक कृषि डेटा संग्रहण, फसल निगरानी, और सिंचाई प्रबंधन में भी मदद मिलेगी। हरियाणा सरकार का यह कदम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि

**कल्याण**

**किसानों को ड्रोन तकनीक से परिचित कराना और खेती में लागत व श्रम की बचत सुनिश्चित करना है।**

क्षेत्र में टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक आत्मा राम गोदरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक किसान और बेरोजगार युवा विभागीय पोर्टल (डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.डॉटएग्रीहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन) पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।
आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उसके पास कम से कम दसवीं पास का प्रमाणपत्र एवं वैध पासपोर्ट होना अनिवार्य है।

### कोचिंग सेंटर गई छात्रा लापता

**कैथल।** कस्बा पूंडरी के एक सेंटर में कोचिंग लेने गई युवती लापता हो गई। परिजन उसे शाम तक तलाश करते रहे, लेकिन जब उसका कोई पता नहीं लगा तो उन्होंने पुलिस को युवती के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने उसके के लापता होने का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। लापता युवती के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन कस्बा के एक कोचिंग सेंटर में मंगलवार को पढ़ने गई थी। वह प्रतिदिन उसे सेंटर छोड़ने के बाद लेने के लिए आता था। मंगलवार को जब वह अपनी बहन को सेंटर लेने के लिए गया तो वहां उसे वह नहीं मिली। उसकी बहन की उम्र 25 साल है।

# हटाएं गए कर्मचारियों को पुनः बहाल किया जाएं

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत:** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित मंच की जिला कमेटी सोनीपत की बैठक जिला मुख्यालय पब्लिक हेल्थ यूनियन कार्यालय निचर लघु सचिवालय जलघर प्रांगण सोनीपत में सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक संपन्न हुई
बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज एवं संचालन जिला सचिव रामप्रसाद ने किया बैठक में विशेष रूप से प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा एवं प्रदेश सह सचिव सतीश कुमार उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा प्रदेश सह सचिव



सतीश कुमार ने बताया कि प्रदेश के भिन्न-भिन्न जिलों से सिंचाई विभाग के लङफच्छ कर्मचारियों को हटा दिया गया जिसके विरोधस्वरूप केन्द्रीय कमेटी ने सभी जिलों के उपायुक्त महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन देने का फैसला किया है जिसमें 10 फरवरी को जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करके कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र उपायुक्त महोदय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा जिसमें जिला कमेटी के अंतर्गत सभी ब्रांचों जैसे पब्लिक हेल्थ बी एण्ड आर विघुत शाखा बी एण्ड आर भवन एवं मार्ग शाखा बी एण्ड आर बागवानी शाखा पंचायती राज टयूबेल आपरेटर सिंचाई विभाग आदि शाखाओं के समस्त कर्मचारी जोर शोर से प्रदर्शन करके सरकार से हटाए गए कर्मचारियों की पुनः बहाली की मांग करेंगे। बैठक में पंचायती राज टयूबेल आपरेटर ब्रांच प्रधान सुंदर और प्रदीप कुमार संदीप कुमार बागवानी ब्रांच प्रधान लहणा सिंह रवि गुलिया विजय फौजी कृष्ण कुमार बी एण्ड आर विघुत शाखा प्रधान अरुण शर्मा ब्रिज मोहन बी एण्ड आर ब्रांच प्रधान सतीश कुमार मोहन सिंह पब्लिक हेल्थ ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा सुरेंद्र सिंह सुरेश कुमार धूप सिंह लाकड़ा सतबीर शर्मा दलीप सिंह रणबीर सिंह राजबीर सिंह अमित कुमार संजय जगदीश इंद्रजीत धर्मेन्द्र लोकेश आदि पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार वादाखिलाफी नारेबाजी की।

### विधवाओं के लिए सब्सिडी योजना शुरू की है

**पानीपत,** (कमाल हुसैन ) उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने विधवा महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से विधवाओं के लिए सब्सिडी योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपए तक के ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। ऋण के लिए आवेदन के समय महिला उधमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिये, आवेदक पहले से लिए गये ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए, योजना के तहत समय पर किस्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 100 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशी प्रतिपूर्ति के रूप में दी जायेगी, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम विधवाओं के लिए सब्सिडी योजना के लिए पात्र होंगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत इन गतिविधियों में सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सेल्यून, ब्यूटीपार्लर, टेलरिंग, बुटिक, फोटो कॉपी की दुकान, आचार बनाना, बैग बनाना, हलवाई की दुकान, डेयरिंग, यातायात वाहन के साधन ई रिक्शा, ऑटो, टेक्सी, छोटा सामान ढोने के साधन, ग्री व्हीलर, इत्यादि का अपना काम शुरु कर सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करवाने होंगे। इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट / अनुभव प्रमाण पत्र, विधवा प्रमाण पत्र, जमा करवाने अनिवार्य होंगे।

# विधायक ने 3 करोड़ की लागत से बनने वाली सीवरेज लाइन का किया शिलान्यास

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने आज तरावड़ी सत्संग भवन के पास 3 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सीवरेज लाइन का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। यहां पहुंचने पर विधायक का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।
विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास करना उनका लक्ष्य है। हलके के निवासियों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है।



सीवरेज लाइन बिछने से आसपास के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। गलियों में सीवरेज पाइप लाइन बिछाकर पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की

**संवेदना**

**हलके के निवासियों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है: विधायक**

भाजपा सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हलके में लगातार अलग-अलग परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया जा रहा है, जिसका लाभ सीधे आमजन को मिल रहा है। सीएम नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नॉन स्टॉप विजन से हरियाणा आगे बढ़ रहा है। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। हर क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास हो रहा है भाजपा ने जो वादे किए है, उन्हें अवश्य पूरा किया जाएगा। उनका भी हमेशा यही प्रयास रहा है कि हलके में अधिक से अधिक विकास कार्य सम्पन्न हों और वे आगे भी हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेंगे।

# जिला रोजगार अधिकारी ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य के प्रति किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )
विद्यार्थियों को एचसीएस व एचएसएससी परीक्षाओं की विस्तार पूर्वक दी जानकारी।
रोजगार विभाग द्वारा पूरे हरियाणा राज्य में 31 जनवरी तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत स्कूलों, आईटीआई व अन्य शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक मार्गदर्शन हेतु कैरियर वार्ता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपमंडल रोजगार कार्यालय समालखा द्वारा हिमगिरि पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को



जीवन में लक्ष्य की महत्ता तथा लक्ष्य को प्राप्त करने के बारे में प्रोत्साहित व जागरूक किया गया। प्रदीप चोपड़ा जिला रोजगार अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को एचसीएस,एसएससी व एचएसएससी एग्जाम्स से संबंधित पद्धति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा इन परीक्षाओं द्वारा विभिन्न करियर ऑप्शन के बारे में बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी ने समझाया की परीक्षाओं के नजदीक आते ही विद्यार्थियों को अपनी तैयारी पर और अधिक लक्ष्य केंद्रित करना चाहिए।

### कुवि के 10 शोधार्थी पीएचडी की उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 10 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में मैनेजमेंट से तरूण सैनी व साक्षी शर्मा, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व से दर्शन, ललित कला विभाग से प्रतिभा, दर्शनशास्त्र से सोनिया रानी, संस्कृत से अंजना देवी, विधि से दीप शिखा, बायोटेक्नोलॉजी से काजल चौहान, पर्यावरण विज्ञान से अनु श्री तथा लोक प्रशासन विभाग से फाल्गुनी शामिल है।

# निकाय चुनाव को मजबूती के साथ लड़कर जीत हासिल करेगी कांग्रेसः पंवार

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
**कांग्रेस** हाईकमान में आगामी हरियाणा में होने वाले 2025 नगर निगम व स्थानीय निकाय चुनाव को गम्भीरता से लेते हुये प्रदेश को दो भागों नार्थ व साउथ जोन में बाटते हुये जिला स्तर तक सक्रिय वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को कमेटियों में जिम्मेदारिया देकर नगर निगम चुनाव को पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने की तैयारियां शुरू कर दी है । नार्थ जोन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार को कांग्रेस कॉर्डिनेटर के रूप में जिम्मेवारी मिलने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव को पुरी मजबूती व ताकत के साथ लड़कर इस चुनाव में भारी जीत



अवश्य हासिल करेगी । उन्होंने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव में बेशक झूठा प्रचार प्रसार एव धोखाधड़ी करके चुनाव जीत गई लेकिन उनको ज्यादा खुश होने की जरूरत नही है क्योंकि हरियाणा की जनता चुनाव नतीजों से खुश नही है । जनता इसका

**दावा**

**डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार के अलावा पानीपत से 11 वरिष्ठ नेताओं को स्थान दिया गया है**

बदला भाजपा से स्थानीय चुनाव में अवश्य लेगी ।
कांग्रेस की नार्थ जोन की कॉर्डिनेटर कमेटी में डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार के अलावा पानीपत से 11 वरिष्ठ नेताओं को स्थान दिया गया है । जोन स्तर पर कॉर्डिनेटर के रूप में इस महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी को दिये जाने पर डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार ने कांग्रेस अपने हाईकमान में शीर्ष नेताओं के साथ कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद बहन कुमारी शैलजा, हरियाणा कांग्रेस के सहप्रभारी जितेंद्र बघेल, प्रफुल्ल विनोद राव, करनाल लोकसभा प्रभारी डॉ0 उमा शंकर पांडेय का धन्यवाद करते हुये कहा कि जिस विश्वास के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उन्हें यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभायेंगे।
वही डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार की नियुक्ति पर सत्यपाल नरवाल, विकास अग्रवाल, सरदार मलकीत सिंह, विकास कुमार, पदम सिंह, महिपाल सिंह, गुलजार मलिक, राजकुमार कटारिया, प्रदीप कुमार, रविन्द्र वर्मा, भानु तोमर, पंडित रोशन लाल, रामदत्त पाल, कपिल शर्मा आदि ने बधाई दी है ।

# दो दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ शानदार समापन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन ) आर्य पीजी कॉलेज के रिसर्च एवं डेवलमेंट सैल व अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शोध पत्र लेखन, प्रकाशन व आचार नीति पर चल रहे दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शानदार समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज आए प्रो. सुमनजीत सिंह ने अपने संबोधन में शोध पत्रों के विषय में कई अहम जानकारियों को शिक्षकों व विद्या र्थियों के साथ सांझा किया की। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सतबीर सिंह, आर एण्ड डी सेल की इंचार्ज डॉ अनुराधा सिंह, आयोजक सचिव डॉ रजनी शर्मा व आर एण्ड



डी सेल समन्वयक प्रो पंकज चौधरी ने प्रो. सुमनजीत सिंह को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया।
कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का उद्देश्य शिक्षण संकाय के लिए गहन शिक्षण अनुभव प्रदान करना रहा। साथ ही शिक्षा के उभरते क्षेत्र में निरंतर व्यावसायिक विकास की आवश्यकता को देखते हुए, इस एफडीपी ने संकाय सदस्यों को शोध पत्र लिखने संबंधित जानकारियों दी व नवीनतम शिक्षण पद्धतियों, नवीन उपकरणों और पर्यवेक्षण तकनीकों से लैस करने का प्रयास किया।
डॉक्टर सतबीर सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा की रिसर्च पब्लिकेशन आज के युग की व प्रोफेशनल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी बन चुका है इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया ।
मुख्य वक्ता प्रो. सुमनजीत ने अपने संबोधन में बताया कि साहित्य समीक्षा लिखना व लिखने में सावधानियों के बारे में विस्तार से चर्चा की इसके अतिरिक्त उन्होंने शोध प्रक्रिया के सेक्शन, जर्नल ढूँढना , क्वालिटी मानक व क्लोनेड जर्नल के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने सभी अवधारणाओं को वास्तविक दुनिया के उद्धरणों द्वारा समझाया।
प्रोफेसर पंकज चौधरी व डॉक्टर रजनी शर्मा ने बताया इस तरह के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम से नॉलेज विकसित होती है,और रिसर्च पेपर लिखने से हम नई-नई खोज कर सकते हैं, नई अवधारणाओं के बारे में जान सकते हैं और पब्लिकेशन हमारे प्रोफेशनल विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इससे नई-नई ज्ञान को सीखने व विद्यमान ज्ञान को और ज्यादा बढ़ाने में सहायता मिलती है तो आशा है कि यह फैकल्टी प्रोग्राम सबके लिए रिसर्च ऊर्जा का संचार करेगा । 2 दिन की रिपोर्ट प्रोफेसर पंकज चौधरी द्वारा प्रस्तुत की गई और धन्यवाद नोट भी प्रोफेसर पंकज चौधरी ने प्रस्तुत किया इस अवसर पर कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. गीताजली, डॉ. मधु गाबा, डॉ. सोनिया सोनी, प्राध्यापिका आस्था गुप्ता, डॉ मनीष डुडेजा, अदिति मित्तल, प्रो. पंकज चौधरी, प्राध्यापिका रश्मि गुप्ता, वीनू भाटिया, डॉ. अंजू मलिक, डॉ. गरिमा समेत कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# विधायक ने अपने वायदे अनुसार स्कूली बच्चों को कराया लंच

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )
26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर समालखा उपमंडल प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे समालखा विधायक मनमोहन भड़ाणा द्वारा कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देने वाली सभी विद्यार्थियों के लिए लंच कराने की घोषणा की गई थी। जिसको पूरा करते हुए विधायक भड़ाना द्वारा मन्नत हवेली पर बच्चों के लंच का कार्यक्रम आयोजित किया गया।
समालखा शिक्षा विभाग कार्यालय द्वारा गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्कूलों को तीन



भागों में बांटा गया व बीईओ कार्यालय समालखा द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार शिक्षक 27 28 व 29 जनवरी को लगभग 650 प्रतिभागी विद्यार्थियों को लेकर मन्नत हवेली पर लंच कराने के लिए पहुंचे । इस मौके पर सभी विद्यार्थी आनंद से प्रफुल्लित होकर लंच कार्यक्रम का पिकनिक की तरह लुत्फ उठाते हुए नजर आए।

## न्यूज फ्लैश

### थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित दुकान से हजारों की राशि व सामान चोरी

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के सबसे ज्यादा व्यस्त क्षेत्र से बेखौफ चोरों ने थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित दुकान पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का शटर उखाड़ कर हजारों रुपयों की राशि व सामान को चोरी करके ले गए। दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। शहर निवासी अशोक ने बताया कि वह सुभाष चौक पर दुकान चलाता है। रविवार की रात को वह करीब साढ़े 10 बजे दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह पड़ोसी दुकानदारों ने उसकी दुकान का शटर उखाड़ा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंच कर जांच की तो दुकान में रखे चॉकलेट के डिब्बे, ड्राई फ्रूट और केक सहित 30 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँच कर छानबीन के बाद चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। जिस दुकान में चोरी हुई है। वह थाने से महज 200 मीटर दूर है। यह शहर का सबसे व्यस्त और सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है। पुलिस के मुताबिक  चौक पर पीसीआर भी रहती है। साथ ही यहां राइडर भी गश्त लगाते है। रात के समय थाने के निकट चोरी होने के पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे है। इसको लेकर व्यापारियों के रोष है। उन्होंने गंभीरता से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

### मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट ने एक युवक को अफीम सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव रायपुर निवासी राकेश उर्फ केशी है। आरोपित के खिलाफ थाना राई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। सेक्टर-3 की क्राइम यूनिट की टीम गश्त पर थी। टीम को सूचना मिली कि गांव रायपुर का रहने वाला राकेश उर्फ केशी अफीम बेचता है। हाल में वह जीटी रोड पर ढाबों पर अफीम बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के बाद टीम ने वहां निगरानी शुरू कर दी। वहां एक युवक दिखाई दिया। संदिग्ध गतिविधि देखकर उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान राकेश उर्फ केशी के रूप में दी। तलाशी ली तो उसके पास से 470 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपित को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### अमेरिका में वीजा लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपयों की राशि ऐंठी

**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में युवक को अमेरिका का वीजा लगवाने के नाम पर लाखों रुपयों की राशि के ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव प्रीतमपुरा निवासी राहुल ने बताया कि गत 29 अप्रैल को उसके पास इंस्टाग्राम पर एक फ्री वीजा लगवाने का संदेश आया। संदेश में खुद को वीजा लगवाने की कंपनी होने का दावा किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी अमेरिका में भी है। उसके बाद उसके फोन पर एक नंबर से कॉल आई। जिसमें उसका सेलेक्शन होने की बात कही। वहीं उसका वीजा अप्लाई करने की बात कही। वह उनकी बातों में आ गया। उससे अलग-अलग खातों में कुल नौ लाख 92 हजार रुपयों की राशि ट्रांसफर करवा ली। उसके कुछ दिनों बाद फिर से उसके पास कॉल आई। जिसमें उसके कागजात बनवाने के लिए कहा। साथ ही अन्नू पेमेंट करने के लिए कहा। उसने कहा कि उसे वीजा नहीं चाहिए। उसकी पैमेंट वापस कर दी जाये, लेकिन उन्होंने रुपये देने से मना कर दिया।

# उपायुक्त ने मटेडी सेखां स्थित फिशरी फार्म का अवलोकन किया

## इस कार्य को मटेडी सेखां स्थित अंटाल फिशरी फार्म की संचालिका गुरप्रीत कौर बखूबी निभा रही है

**प्रेरणस्त्रोत**

**गुरप्रीत कौर से मिश्रित मछली पालन का कार्य वह कब से कर रही हैं, उन्हें इस कार्य की कहां से प्रेरणा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मिश्रित मछली पालन का कार्य करके अपनी आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। इस कार्य को मटेडी सेखां स्थित अंटाल फिशरी फार्म की संचालिका गुरप्रीत कौर बखूबी निभा रही है। उनके इस कार्य को देखने के लिए उपायुक्त ने मटेडी सेखां स्थित फिशरी फार्म का अवलोकन किया। यहां पहुंचने पर जिला मत्स्य अधिकारी सुमन रानी, अनुबंध अधिकारी जसवंत लाल के साथ-साथ फार्म की संचालिका गुरप्रीत कौर ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मौके पर उपस्थित गुरप्रीत कौर से मिश्रित मछली पालन का कार्य वह कब से कर रही हैं, उन्हें इस कार्य की कहां से प्रेरणा मिली तथा मिश्रित मछली पालन का कार्य करते हुए वह अपनी आमदनी को कैसे बढ़ा रही है, उसके बारे उनसे चर्चा की। गुरप्रीत कौर ने उपायुक्त को बताया कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा यहां पर अढाई एकड़ व एक एकड़ में तालाब के माध्यम से वह मछली पालन का कार्य कर रही हैं। उनके बेटे गुरसिमरण सिंह जोकि मर्चेंट नेवी में उच्च पद पर तैनात हैं, उन्होंने सबसे पहले यहां पर इस कार्य को शुरू किया था। उसके बाद निरंरता में वह इस कार्य को करते हुए अपनी आमदनी में वृद्धि कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अब वह चण्डीगढ रहती है तथा हर सप्ताह यहां पर आकर मिश्रित मछली पालन से सम्बन्धित कार्य को करती है। केयर टेकर के रूप में एक कर्मचारी उन्होने यहां पर लगाया हुआ है जोकि उनकी देखभाल करता है।
उन्होने उपायुक्त को यह भी बताया कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा अढाई एकड़ तालाब में मिश्रित मछली पालन के कार्य को वह कर रही है। विभाग द्वारा उसे अनुदान भी उपलब्ध करवाया गया है। उसने यह भी बताया कि एक एकड़ में अलग से मछली के जो छोटे बच्चे होते हैं, उन्हे वहां रखा जाता है, 8 या 9 महीने में वह बडी मछली के रूप में तैयार हो जाते हैं। उन्होने यह भी बताया कि यहां पर मछली के व्यापारी स्वयं ही यहां पर आकर मछलियों को खरीदते हैं। जिला मत्स्य अधिकारी ने यह भी बताया कि मीठे पानी में मछली पालन के लिए ढांचागत कार्य जैसे तालाब निर्माण पर खर्च, फीड स्टोर निर्माण खर्च, एरिएटर खर्चा, पानी निकासी एवं व्यवस्था खर्चा के तहत लगभग 7 लाख रूपए अनुमानित खर्चा आता है। इसी प्रकार मछली बीज खाद के तहत लगभग 4 लाख का खर्चा आता है। इन दोनों कार्यों के तहत सामान्य वर्ग के लिए कुल लागत का 40 प्रतिशत तथा महिला एससी/एसटी वर्ग को 60 प्रतिशत दिए जाने का प्रावधान है।
उन्होने यह भी बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को मछली पालन हेतू वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। जिसके तहत प्रथम वर्ष पट्टा राशि पंचायती तालाब सरकारी जलाशयों पर पट्टा राशि का 50 प्रतिशत या 50 हजार रूपए प्रति हैक्टेयर जो भी कम हो, अनुदान के रूप में प्रदान किए जाते है।

## नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं: पवन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**

गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में एन एस एस कैंप के तीसरे दिन बढ़ते नशे के खतरे और इसके महिलाओं व समाज पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव को रोकने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ एन एस एस अधिकारी पवन  , जितेंद्र उत्तम, मुख्य अतिथि रवि शास्त्री ने किया। मुख्य अतिथि रवि शास्त्री ने समुदाय आधारित प्रयासों के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने कहा, ह्लसच्चा बदलाव समुदाय के भीतर से शुरू होता है. स्वयंसेवक अपनी दृढ़ता और प्रभाव के माध्यम से नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं.ह्व उन्होने ने बताया कि नशा शरीर के साथ दिमाग पर भी बुरा प्रभाव डालता है। शुरूआत में नशे का सेवन करने से क्षणिक आनंद की अनुभूति होती है, लेकिन दीर्घकाल में दिमागी तौर पर असर पड़ता है। कई बार दिमाग में हिंसक विचार आने शुरू हो जाते हैं, जबकि कई बार नशे का आदी व्यक्ति खुद को नुकसान पहुंचाता है।

एनएसएस के अधिकारी पवन गलिया  ने कहा कि नशे से मनुष्य में तामसी प्रवृत्तियां पैदा होती है एक पत्तनोमुखी व्यक्ति मानव समाज व राष्ट्र के लिए घातक होता है। भारत में तंबाकू का उपयोग कई तौर पर किया जाता है। इसके साथ ही बीड़ी, सिगरेट, सिगार के तौर पर नशा लेना आम हो गया है जो सबसे बड़ी चिंता का कारण है। उन्होंने स्वयंसेवकों को खुद नशे की लत से दूर रहते हुए अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने को कहा। ताकि समाज से नशे जैसी घातक प्रवृत्ति जड़ से खत्म हो सके।

## तेज रफ्तार का कार ने युवक को चपेट में लिया, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-23 आउटर रोड पर पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मुरादाबाद वैशाली हाल में महलाना रोड सरस्वती विहार निवासी मुकेश ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसका लड़का सन्नी चिनाई का काम करता है। वह पैदल सेक्टर-23 आउटर रोड पर जा रहा था। एक तेज रफ्तार कार ने उसे पीछे से आकर चपेट में ले लिया। हादसे में उसका बेटा घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल सोनीपत में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## किंगफिशर में अंतर जिला आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित

**प्रज्ज्वलित**

**किंगफिशर पर्यटन स्थल अम्बाला शहर में अंतर जिला आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नेहरू युवा केन्द्र अम्बाला द्वारा किंगफिशर पर्यटन स्थल अम्बाला शहर में अंतर जिला आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एडवोकेट राकेश मेहता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ जिला नेहरू युवा कार्यक्रम अधिकारी अर्शदीप कौर, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार व नेहरू युवा केन्द्र के वैलंटियर उपस्थित रहे।
कार्यक्रम का शुभारम्भ दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके किया गया।
जिला नेहरू युवा कार्यक्रम अधिकारी अर्शदीप कौर ने इस मौके पर मुख्य अतिथि व अन्य का स्वागत करते हुए बताया कि विभाग के दिशा-निदेर्शानुसार अंतर जिला आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके दृष्टिगत आज कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ है। उन्होने बताया कि तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के तहत गुरूग्राम से 21 प्रतिभागी आए हैं जिन्हें अम्बाला जिले के एतिहासिक व धार्मिक स्थानों के साथ-साथ स्किल डिवैल्पमैंट के तहत इंजिनियरिंग कालेज व अन्य स्थानों का भ्रमण करवाते हुए उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को इंजिनियरिंग कालेज का भी भ्रमण करवाते हुए कौशल क्षेत्र से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी गई है। इस मौके पर एडवोकेट राकेश मेहता ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि अम्बाला का इतिहास बहुत पुराना है। अम्ब के नाम से अम्बाला की पहचान है, यहां पर एतिहासिक व धार्मिक स्थानों के साथ-साथ आजादी से जुड़ी गाथाएं भी हैं। उन्होने बताया कि परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से अम्बाला छावनी में जीटी रोड पर आजादी की पहली लड़ाई का भव्य शहीदी स्मारक बनाया जा रहा है। इसके अलावा धार्मिक स्थानों के तहत मंजी साहिब गुरूद्वारा, लखनौर साहिब, पंजोखरा साहिब व अन्य ऐसे स्थान भी हैं।

## हत्या प्रयास की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**पूछताछ**

**दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राई** थाना सोनीपत पुलिस ने हत्या प्रयास की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी रिढ़ाऊ व विक्रम उर्फ विक्की निवासी फरमाणा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव रिढाऊ हाल में ट्यूलिप ग्रांड सोसायटी निवासी अधिवक्ता विजेंद्र सिंह ने गत 20 जनवरी को पुलिस से शिकायत  देकर बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। बरोटा-जठेड़ी रोड पर उसका कार्यालय है। सोमवार की शाम को वह अपने दोस्त प्रदीप के साथ बाहर से आया था। वह अपने कार्यालय में बैठ गया और प्रदीप कार्यालय के पीछे मैदान में जाकर बैठ गया। इसी दौरान आफिस में दो युवक आए। जिनमें से एक रिढ़ाऊ का रहने वाला सचिन था। दूसरे को वह नहीं पहचानता। सचिन कार्यालय के अंदर घुसा और टेबल के सामने आकर बोला उनको रिढाऊ के बंटू उर्फ इंद्रजीत और चींटू उर्फ चंद्रजीत ने तुझे जान से मारने के लिए भेजा है। आरोपितों ने कहा पेट्रोल पंप को लेकर उनके साथ जो विवाद चल रहा है। उसमें एक करोड़ रुपये देकर समझौता कर लो। सचिन ने अपनी जेब से पिस्टल निकाली और उसे जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। उसी समय वह अपनी कुर्सी पर एक तरफ झुका। जिससे गोली पीछे की दीवार में जाकर लग गई। सचिन ने दोबारा गोली चलाने के लिए पिस्टल लोड करनी शुरू कर दी। हालांकि पिस्टल अटक गई। जिससे दूसरी गोली नहीं चली और उनकी जान बच गई। इसके बाद दोनों उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। राई थाना पुलिस ने मौके का मुआयना कर जरूरी साक्ष्य जुटाएं। वहीं पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## पुलिस की महिला टीम ने सेंट थॉमस स्कूल कुरुक्षेत्र में छात्र/छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। बच्चों व महिलाओं को समझाया जाता है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो। महिला पुलिस की टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी



सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।
कार्यक्रम के तहत दिनांक 29 जनवरी को सेफ सिटी की टीम ने सेंट थॉमस स्कूल कुरुक्षेत्र में छात्र/छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकारी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की हैड कांस्टेबल नीलम ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है।

## मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव कामी में खेत में लगे मोबाइल टावर के गेट की कुंडी तोड़कर बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरएस कंपनी में तैनात संदीप ने बताया कि वह कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी की तरफ से गांव कामी में पेट्रोल पंप के पास खेत में इंडस लिमिटेड कंपनी का टावर लगा हुआ है। टेक्नीशियन अनुज टावर पर पहुंचा तो बैटरी केबिन की कुंडी टूटी हुई थी और बैट्रियां गायब थीं। चोरी हुई बैटरी टावर में बिजली सप्लाई के लिए इस्तेमाल की जाती थी।

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनी आमजन की समस्यायें

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का समाधान करने में बेहद ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं। आमजन यहां पर आकर सुगमता से अपनी समस्या को रखकर उसका निवारण भी करवा रहे हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम दर्शन कुमार ने लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। शिविर के दौरान 3 शिकायतें प्रोपर्टी आईडी में त्रुटि से सम्बन्धित आई। जिनका मौके पर ही निपटान किया गया। इसके अलावा जो अन्य शिकायतें आई उन्हें सम्बन्धित को मार्क करते हुए उसका भी निवारण करने बारे



निर्देश दिए गए।
एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में जिलास्तर और उपमंडल स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह बताया कि जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर लोगों के लिए कफी कारगर सिद्ध हो रहे हैं। उन्होने यह भी बताया कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण है। उन्होंने यह भी बताया कि उपायुक्त ने पहले से ही

**समाधान**

**आमजन यहां पर आकर सुगमता से अपनी समस्या को रखकर उसका निवारण भी करवा रहे हैं**

निर्देश जारी किए हुए है कि समाधान शिविर के साथ-साथ सम्बन्धित विभाग में यदि कोई प्रार्थी अपनी शिकायत लेकर आता है तो उसकी समस्या का वे प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाएं। एसडीएम ने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर न केवल जनता की समस्याओं को हल

## नागरिक अस्पताल में रेबीज का इंजेक्शन खत्म, मरीज परेशान

**परेशानी का सबब**

**आपातकालीन कक्ष में पुलिस कर्मचारियों द्वारा चिकित्सक से खुद को पर्ची पर गरीब लिखवाकर फ्री में इंजेक्शन लगवा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** जिले के नागरिक अस्पताल के इंजेक्शन रूम में रेबीज का इंजेक्शन बुधवार को खत्म हो गए। इंजेक्शन खत्म होने के चलते बुधवार को काफी संख्या में मरीजों को नरेला दिल्ली राजा हरिश्चंद्र अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में जाने पर मजबूर होना पड़ा। वहीं आपातकालीन कक्ष में पुलिस कर्मचारियों द्वारा चिकित्सक से खुद को पर्ची पर गरीब लिखवाकर फ्री में इंजेक्शन लगवा लिया। जिसकी चर्चा दिनभर आपातकालीन कक्ष में होती रही। प्रबंधन की तरफ से जल्द इंजेक्शन मुहैया करवाने का आश्वासन दिया जा रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में हर रोज करीब 70 से 100 तक मरीज कुत्ता, बिल्ली, बंदर, चूहा व अन्य जानवर के काटने के पहुंचते है। रेबीज बीमारी से बचने के लिए मरीज के लिए इंजेक्शन की डोज चिकित्सक राय के अनुसार लगवानी होती है। अस्पताल में बुधवार को रेबीज इंजेक्शन खत्म हो गए। जिसके चलते ओपीडी में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गरीब तबके के लोगों को नरेला राजा हरिश्चंद्र अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में जाने पर मजबूर होना पड़ा। मामले को लेकर प्रबंधन ने जल्द से जल्द इंजेक्शन उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है।

**खाकी के जवान बने गरीब, अन्य चुका रहे 100 रुपये प्रति डोज-** नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंचे खाकी के जवान ने खुब रोब कर्मचारियों पर झाड़ा। कर्मचारियों की तरफ से महज प्रथम डोज छुट्टी वाले दिन आपातकालीन कक्ष में लगवाने की बात कही। जबकि पुलिस कर्मचारी को तीसरी डोज लगनी थी। पुलिस कर्मचारी ने अपनी वर्दी पर लगे तीन स्टार होने के बाद भी कक्ष में तैनात चिकित्सक से गरीब लिखवाकर स्टाफ कर्मचारियों से इंजेक्शन लगवाया। जबकि पीला कार्ड व आयुष्मान के अंतर्गत आने वाले मरीजों के लिए फ्री में इंजेक्शन लगता है। बाकी अन्य को 100 रुपये प्रति डोज अदा करने होते है।

**मरीजों को लौटना पड़ा वापस, निजी स्टोर से खरीदनी पड़ी डोज-** बुधवार को नागरिक अस्पताल में दूर-दराज से लोग रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए पहुंची। किसी ने बच्चे के लिए स्कूल की छुट्टी करवाई तो किसी ने खुद की ड्यूटी में बदलाव करके अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्हें निराशा हाथ लगी। कुछ लोगों ने इंजेक्शन की डोज निजी स्टोर से 300 रुपये में खरीदकर लानी पड़ी। वहीं अन्य को नरेला दिल्ली या महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर जाने पर मजबूर होना पड़ा।
रेबीज का इंजेक्शन बुधवार सुबह खत्म हो गया। सोमवार इंजेक्शन रूम में करीब 150 मरीजों को इंजेक्शन की डोज दी गई थी। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। जल्द से जल्द इंजेक्शन की डोज अस्पताल में उपलब्ध करवा दी जायेगी। वहीं पुलिस कर्मचारी को गरीब दिखाने वाले चिकित्सक से बातचीत कर जानकारी ली जायेगी।

## गली में खड़े चचेरे भाइयों पर तेजधार हथियार से हमला

**कार्यवाही**

**मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द हमलावरों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में गली में खड़े दो चचेरे भाइयों पर युवक ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। युवक का आरोप है कि ईको वैन सवार हमलावर ने वारदात को अंजाम दिया।
हमलावर ने एक युवक के पेट व हाथ और दूसरे के पैर में चाकू से वार किया। घायलों को अस्पताल में उपचार दिलवाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव जगदीशपुर निवासी विशाल ने बताया कि वह अपने ताऊ के बेटे राहुल के साथ रात को घर के बाहर खड़े थे। तभी जितेंद्र नाम का युवक ईको वैन में सवार होकर आया। युवक ने आते ही चाकू निकालकर उनके ताऊ के बेटे राहुल पर वार दिए। आरोपी ने राहुल के पेट व हाथ पर चाकू से वार किया। जिससे उनका भाई घायल हो गया। विशाल ने बताया कि वह अपने ताऊ के बेटे को बचाने लगे तो जितेंद्र ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोपी ने उनके पैर में जांघ के पास चाकू मार दिया। झगड़ा देखकर लोगों की भीड़ जुटने लगी तो जितेंद्र उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। परिजनों ने घायलों को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें गंभीर हालत के चलते पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जांच अधिकारी एसआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द हमलावरों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# खादय उत्पाद तैयार करने वाली फैक्टरी को सील करने के साथ-साथ 10 लाख रुपए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि लोगों को मिलावटी व मापदंडों पर खरा ना उतरने वाले खाद्य पदार्थ बेचने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा, इसलिए सेक्टर 2 कुरुक्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में पनीर जैसे खाद्य पदार्थ मापदंडों पर खरा ना उतरने पर फैक्टरी को सील करने के आदेश दिए है। इन आदेशों के साथ-साथ प्रशासन को पनीर का एक सैम्पल फेल आने पर अधिकतम 10 लाख रुपए जुमार्ना लगाया जाए। इतना ही नहीं शेष 2 सैम्पलों में भी रिपोर्ट आने के बाद



अगर पनीर का सैम्पल फेल आता है तो दोनों सैम्पलों में 5-5 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जाए। राज्यमंत्री राजेश नागर बुधवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने प्रोटोकॉल के अनुसार राज्यमंत्री राजेश नागर व विधायक अशोक अरोड़ा का स्वागत किया और एजेंडों की 15 शिकायतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एजेंडे की 15 शिकायतों में से 10 शिकायतों का समाधान मौके पर कर दिया गया है

मांग
निमम क

और शेष 5 शिकायतों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के आदेश दिए गए है।राज्यमंत्री ने सेक्टर 3 रामपुरा निवासी प्रेमचंद की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आदेश दिए कि किसी भी दुकानदार या फैक्टरी संचालक को लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा और ना ही सरेआम मिलावटी या बिना मापदंडो के खादय पदार्थ बेचने दिए जाएगे। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आदेश दिए कि पनीर के एक सैम्पल के फेल होने पर फैक्ट्री संचालक पर अधिकतम 10 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जाए और फैक्टरी को सील किया जाए। इसके साथ ही 2 अन्य सैंपलों की रिपोर्ट अगर नियमों के विपरीत आती है तो प्रत्येक सैम्पल के फेल होने पर 5-5 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जाए। इस मामले में प्रशासन की तरफ से पुलिस को शिकायत भी दर्ज करवाई जाए। इस शिकायत के आधार पर पुलिस अधीक्षक एफआईआर दर्ज कर पूरी जांच करे।

# ईंट भट्टे पर किया किया भोजन वितरण

मांग
निमम क

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रा:** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा प्रतिदिन की भांति आज भी ईंट भट्टों, जरूरतमंद लोगों के घरों, नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र और नशा मुक्ति केंद्र में भोजन वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान कर्म चंद, और इ-रिक्शा चालक रमेश भोजन लेकर ईंट भट्टे पर पहुंचे



और भोजन वितरण किया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने भोजन वितरण करते हुए कहा कि सप्ताह के सातों दिन नियमित रूप से जरूरतमंद लोगों को भोजन परोसा जा रहा है। 16 मई 2018 से पुलिस लाइन कुरुक्षेत्र में भोजन बनता है और वितरण किया जाता है। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल और पुलिसकर्मियों के साथ साथ समाज के प्रतिष्ठित लोग इस संस्था में नियमित सदस्य बने हुए हैं। रोटी बैंक के संस्थापक सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव, भापुसे ने रोटी बैंक का श्री गणेश किया था। रोटी बैंक में कोई भी व्यक्ति जुड़कर

## न्यूज फ्लैश

### जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर ने किया डाइट पलवल के मुख्य द्वार का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ,पलवल कुरुक्षेत्र के प्रांगण में दिनांक 28 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में 2024-25 में जिले के नौ हजार शिक्षकों को प्रशिक्षण देने वाले विभिन्न विषयों के मास्टर ट्रेनर्स को डाइट प्राचार्या श्रीमती संतोष शर्मा के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थान की काया कल्प करने जैसे की टाइल लगना , ब्लॉक पार्किंग का निर्माण , उद्यान का सौंदर्यकरण ,माधव हॉल का जीर्णोद्धार , बरामदे तथा साइंस म्यूजियम में टाइल लगवाने का कार्य , संस्थान के मुख्यद्वार का नवीनीकरण आदि महत्वपूर्ण कार्यों का उदघाटन श्रीमती कंवलजीत कौर चेयरमैन जिला परिषद कुरुक्षेत्र के द्वारा किया गया। यह कार्य श्रीमती संतोष शर्मा एच.ई.एस-1 के कार्यकाल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री रोहतास वर्मा , जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक , श्री सत्यभूषण अकाऊंट आफिसर और संस्थान के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### 435 ग्राम चरस तस्करी मामले में सप्लायर को काबू किया



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने बीते शनिवार को सिवाह बस अड्डा के सामने 435 ग्राम चरस सहित यूपी के सहारनपुर निवासी नशा तस्कर आरोपी सावेज को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी सावेज ने पुलिस को बताया था कि वह उत्तराखंड के देहरादून के जाखन निवासी डीगपाल उर्फ बोबी से उक्त चरस कम कीमत पर खरीदकर पानीपत में बेचने के लिए आया था। आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए गिरफ्तार आरोपी सावेज को रविवार को माननीय न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था। प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि सीआईए थ्री पुलिस टीम ने रिमांड के दौरान आरोपी सावेज की निशानदेही पर नशा तस्कर आरोपी डीगपाल को स्काईलार्क के सामने फ्लाई ओवर पुल के नीचे से काबू किया। पूछताछ में आरोपी डीगपाल ने आरोपी सावेज को 435 ग्राम चरस 40 हजार रूपए में बेचने बारे स्वीकारा। आरोपी नशा सप्लायर डीगपाल ने चरस बेचकर हासिल की नगदी खर्च कर दी। मंगलवार को आरोपी सावेज की रिमांड अवधी पूरी होने पर उसके साथ नशा सप्लायर आरोपी डीगपाल को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

### पत्नी से विवाद में दामाद ने की ससुर की हत्या

**झज्जर।** आसौदा थाना क्षेत्र के गांव मांडोठी में एक युवक ने अपने ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात करके हमलावर भाग गया। वह फाइनेंस का व्यवसाय करता है। जिले के गांव सुहरा के निवासी इस युवक का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। जिस वजह से पत्नी सालभर से गांव मांडोठी में अपने पिता के घर रह रही है। दामाद द्वारा ससुर की गोली मारकर हत्या करने की यह वारदात मंगलवार रात को हुई।

# केयू महिला कबड्डी टीम ने हासिल किया तीसरा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉथ जोन व ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विजेता महिला खिलाड़ियों सहित खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा व कोच को बधाई देते हुए कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बडे.हर्ष एवं गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज शिक्षा, विज्ञान, शोध एवं खेल सहित अन्य क्षेत्रों में अग्रणी रहकर नए कीर्तिमान



स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नॉर्थ जोन और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल करना वास्तव में बड़ा सराहनीय है। उन्होंने कहा कि खेलों एवं खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है तथा यह उपलब्धि निश्चित रूप से विश्वविद्यालय को खेल जगत में और मजबूत स्थान दिलाने में सहायक होगी। महिला कबड्डी चैंपियनशिप 18 से 25 जनवरी 2025 तक गुरु काशी विश्वविद्यालय, तलवंडी साबो भटिंडा में आयोजित की गई थी।

मांग
निमम क

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने नार्थ जोन चैंपियनशिप में पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की टीम को हराकर लीग मैचों के लिए क्वालीफाई किया और लीग मैचों में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में अपने पूल में पहले स्थान पर रहते

# सीजेएम ने न्यायिक परिसर इंद्री व लीगल ऐड सेंटर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**


**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बुधवार को न्यायिक परिसर इंद्री का दौरा किया, जहां उन्होंने पैनल अधिवक्ताओं से मुलाकात की। इसके पश्चात मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने लीगल एड क्लीनिक भादसों का निरीक्षण किया व गांव के लोगों की समस्याएं सुनी।

**नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को :** सीजेएम इरम हसन ने बताया कि जिला न्यायालय में आठ मार्च को नेशनल लोक अदालत का



आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अदालत में लंबित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इसमें प्री

# एसपी लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने गुम हुए मोबाइल उनके



**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की साइबर सैल टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन का सर्च अभियान चलाकर लोगों के लाखों रूपए कीमत के गुम हुए 30 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने अपने कार्यालय में मोबाइल के वारसान को बुलाकर उन्हें उनके मोबाइल फोन सौंपे। गुम हुए मोबाइल फोन को पाकर वारसान के चेहरों पर मुस्कान छा गई। सभी ने पानीपत पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने बताया कि लोगों ने गुम हुए अपने मोबाइल फोन की शिकायत हर समय पोर्टल व साइबर सेल में की हुई थी। पानीपत साइबर सेल पुलिस टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन ट्रेस करने की लगातार कोशिशें की और 30 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद करने में सफलता हासिल की।

# जन सहयोग संस्था ने अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव पिहोवा में लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/पेहवा :** शहर की सुप्रशिद्ध संस्था जन सहयोग द्वारा पिहोवा में सरस्वती महोत्सव के पर्व पर आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 15 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया व रक्तदान किया।संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि यह शिविर 29 जनवरी से 4 फरवरी तक सुबह 10 बजे से शाम के 3 बजे तक हररोज चलेगा। संस्था इस से पहले गीता महोत्सव में भी रक्तदान शिविर लगा कर रिकॉर्ड रक्त एकत्रित कर



चुकी है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए संस्था ने सरस्वती महोत्सव पर भी इस तरह से रक्तदान शिविर लगाएं। इस मुहिम में श्री बाला जी वानर सेवा समिति पिहोवा व केमिस्ट एसोसिएशन पिहोवा भी अपना भरपूर सहयोग दे रही है। रक्तदान शिविर में कई युवाओ ने हिस्सा लिया व रक्त केंद्र नागरिक हस्पताल से रक्त एकत्रित करने के लिए टीम पहुंची। इस मौके पर संस्था से नितेश मंगल ,मिथुन समाना ,जितेंद्र मास्टर जी व श्री बाला जी वानर सेवा समिति से नरेंद्र शर्मा , केमिस्ट एसोसिएशन से मित्तल जी मौजुद रहे।

# बिशन दत्त भारद्वाज की श्रद्धांजलि सभा आज

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** कुराड के वरिष्ठ पत्रकार सतीश शर्मा के पिता बिशनदत्त भारद्वाज की श्रद्धांजलि सभा 30 जनवरी, वीरवार को उनके पैतृक गांव कुराड, पानीपत में सुबह 10 बजें से 3 बजें तक होगी। गौरतलब है कि अस्वस्थ होने के कारण 22 जनवरी ,बुधवार को पंडित बिशनदत्त का निधन हो गया था। वे 72 वर्ष के थे अपने पीछे तीन बेटे व एक बेटी को छोडकर गए है। श्री बिशनदत्त भारद्वाज ने अपना सादगी के साथ जीवन यापन किया। उनके निधन पर शहर की राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्यों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# अवैध खनन करने वालों पर कसें शिकंजा : उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने एनफोर्समेंट शाखा के एसएचओ को निर्देश दिये कि अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और उनके वाहन भी जब्त किए जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जाए और खनन विभाग की ओर से संबंधित को नोटिस जारी किए जाएं और रिकवरी के लिए प्लैंटी भी लगाई जाए।

उपायुक्त लघु सचिवालय में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने एनफोर्समेंट एसएचओ से अवैध खनन को लेकर दर्ज की गई



एफआईआर में आगे की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार कर आगे कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों सजग करें कि ग्राम पंचायतें अवैध खनन करने वाले लोगों पर नजर रखें और इसकी सूचना प्रशासन को दें। पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने कहा कि अवैध खनन के मामले में जब्त किए गए वाहनों में से सुपरदारी के बाद शेष वाहनों का निपटारा भी जल्दी करवाएं। जहां-जहां अवैध खनन की शिकायतें मिलती हैं, ऐसे स्थानों पर पुलिस विभागों के साथ-साथ खनन

मांग
निमम क

विभाग के अधिकारी भी अपनी पैनी नजर रखें और उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाए। जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि दिसंबर माह के दौरान जिले में अवैध खनन के मामले में 20 वाहनों को जब्त किया गया, जिनमें से एक सुपरदारी पर छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2024 से लेकर

# समाधान शिविर में शिकायतों का मौके पर ही निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए।

जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बुधवार को करनाल के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर मे 7 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया है। वहीं 4 शिकायतें अभी लंबित हैं तथा एक शिकायत को रद् कर दिया गया। वहीं इंद्री, नीलोखेड़ी, असंध, घरौंड़ा उपमंडल मे कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुईं।

# केयू में सरस्वती नदी पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 30 जनवरी से 1 फरवरी के बीच कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सरस्वती शोध उत्कृष्टता केन्द्र व हरियाणा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड, पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में ह्यसरस्वती नदी - सनातन सभ्यता और संस्कृति का उद्गम स्थल - विकसित भारत 2047 के लिए दृष्टि और क्षितिजह्न विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन सीनेट हॉल में प्रातः 10 बजे होगा। इस अवसर कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल बतौर मुख्य अतिथि तथा मुख्यमंत्री, हरियाणा के ओएसडी भारत भूषण भारती



बतौर विशिष्ट अतिथि सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे तथा अपना उद्बोधन देंगे। वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

यह जानकारी देते हुए सम्मेलन एवं केयू सरस्वती शोध उत्कृष्टता केन्द्र के निदेशक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि केयू सीनेट हॉल में आयोजित होने वाले उद्घाटन सम्मेलन में हरियाणा सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह, बोर्ड के सीईओ कुमार सुप्राविन, हरियाणा उच्च

मांग
निमम क

शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. एसके गक्खड़ तथा आईसीएसआर 2025 के कंवीनर अरविन्द्र कौशिक की गरिमामयी उपस्थिति होगी। वहीं प्लेनरी सत्र में प्रो. एबी शुक्ला, प्रमुख, भारतीय विद्या परियोजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय केंद्र फॉर आट्र्स, नई दिल्ली सरस्वती के प्राथमिक स्त्रोतों के विषय में व्याख्यान देंगे।

**चार तकनीकी सत्रों में विद्वतजन देंगे विशिष्ट उद्बोधन**

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि 30 जनवरी को दोहपर बाद आयोजित होने वाले प्रथम तकनीकी सत्र में सनातन और सरस्वती विषय पर एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक व माता सरस्वती धाम ट्रस्ट गांधीनगर, गुजरात के संस्थापक डॉ. ब्रज किशोर शुक्ला व्याख्यान देंगे। इस सत्र की अध्यक्षता सरोज बाला, सेवानिवृत्त सदस्य सीबीडीटी, सह अध्यक्षता इसरो के डॉ. एके गुप्ता तथा प्रतिनिधित्व डॉ. राजेश रंगा करेंगे। इसके साथ ही महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के प्रो. आरसी भारद्वाज,

# ~~नामांकन से पूर्व नायब और मनोहर के भव्य रोड शो में उमड़ा लोगों का~~

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में आर्ट एंड क्राफ्ट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला के अंतर्गत अंब्रेला डेकोरेशन एवं पतंग बनाना व सजाना सिखाया गया । यह जानकारी प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने दी । उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में इस तरह की कार्यशाला से हमें विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा का पता चलता है । क्राफ्ट विषय में निपुण होकर छात्र झछात्राएँ आत्मनिर्भर बन सकते है व इस तरह के रचनात्मक कार्य



छात्र छात्राओं में नई ऊर्जा का संचार करने के साथ स्वरोजगार की भावना पैदा करते है । विभागाध्यक्षा डॉ. सीमा ने बताया कि इस कार्यशाला में छतरी सजाना एवं पतंग बनाना व सजाना जैसे क्राफ्ट सिखाए गए । इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को स्वावलंबी बनाना है, कार्यशाला का लाभ उठाकर छात्राएं परिवार का आर्थिक स्तर ऊंचा उठा सकती है । पीडिलाइट

# केजरीवाल ने झूठे वादों से मध्यम वर्ग को किया गुमराह: सिरसा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सचिव एवं राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने आम आदमी पार्टी (आप) और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने झूठे और खोखले वादों से मध्यम वर्ग को गुमराह किया है। उनकी सरकार ने जनता को धोखा दिया, जिससे लोगों को बढ़े हुए बिजली बिल और प्रदूषित पानी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

अपने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए सरदार सिरसा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इन चुनावों में अपनी हार स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। यही कारण है कि वे निरंतर नए-नए मुद्दे उठाकर जनता का ध्यान असली समस्याओं से भटकाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में केजरीवाल सरकार अपने चुनावी वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है।

सिरसा ने कहा कि महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये देने का वादा किया गया था, लेकिन यह वादा भी सिर्फ चुनावी घोषणा बनकर रह गया। इसी तरह, छात्रों को मेट्रो किराए में रियायत देने का आश्वासन दिया गया था, जो झूठा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग न केवल केजरीवाल सरकार की असफल योजनाओं का खामियाजा भुगत रहे हैं, बल्कि उन्हें शुद्ध पेयजल तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। केजरीवाल सरकार लोगों के घरों में गंदा पानी पहुंचा रही है और जल आपूर्ति का ठेका अपने करीबी लोगों को देकर मनमाने दामों पर पानी बेचा जा रहा है।

सिरसा ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली की सड़कों को यूरोप जैसी बनाने का वादा किया था, लेकिन हकीकत में टूटी-फूटी सड़कों से जनता परेशान रही। अब, जब चुनाव नजदीक हैं, तो वे सड़कों की मरम्मत का नाटक कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि दिल्ली की जनता अब केजरीवाल के झूठ से तंग आ चुकी है और इस चुनाव में उन्हें करारी शिकस्त देकर सबक सिखाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्लीवासी भाजपा को समर्थन देकर एक जन-हितैषी, गरीब-हितैषी और विकास-समर्थक सरकार को सत्ता में लाने का संकल्प ले चुके हैं।

## आम आदमी पार्टी के कार्यों से खुश नहीं है दिल्ली के लोग: कुंदन कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जिला केशवपुरम भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के मंत्री कुंदन कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है और भाजपा के पक्ष में वोट करने की बात कह रहे है। एक अन्य सवाल के जवाब में कुंदन कुमार ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है, यही कारण है कि आज भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर देश का युवा बहुताय की संख्या में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहा है और जुड़कर देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने बताया कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया की विजय होगी। क्योंकि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे हैं, हमें लोग भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में वोट करने की बात कह रहे है। राजकुमार भाटिया एक सुलझे हुए, ईमानदार और स्वच्छ सभी के व्यक्ति हैं, उनके कार्यों से सभी वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे हैं और जगह-जगह राजकुमार भाटिया का भव्य रूप में स्वागत किया जा रहा है। कुंदन कुमार ने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा को वोट देकर भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया को भारी मतों से विजयी बनाएं और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास पाये।

## शालीमार बाग: भारी मतों से विजयी होगी रेखा गुप्ता: उमेश साहू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जिला केशव पुरम भारतीय जनता पार्टी कार्यकारिणी सदस्य उमेश साहू ने कहा कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता भारी मतों से विजयी होगी, क्योंकि हम जनसंपर्क के दौरान जहां भी लोगों से मिल रहे हैं उनकी तरफ से हमें भाजपा को समर्थन करने का आश्वासन मिल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने जनता को धोखा देने का काम किया है, इसलिए इस बार जनता भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रेखा गुप्ता के साथ है। श्री साहू ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने जो भी वादे दिल्ली की जनता से किए थे वह एक भी पूरे नहीं हुए जिसके चलते आज लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि आज भी क्षेत्र में सीवर ओवर फ्लो हो रहे है और पानी गंदा आ रहा है। जिसके चलते लोग परेशान है। उन्होंने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता को वोट करें।



बादली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद रवि किशन साथ में पार्षद गायत्री यादव, विजय भगत, जितेन्द्र ढीका व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

## बुराड़ी विधानसभा की चुनावी रैली में खरगे ने लोगों को याद दिलाया शीला दीक्षित का दौर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुराड़ी में पार्टी उम्मीदवार मंगेश त्यागी के समर्थन में बुधवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने रैली में आए लोगों को दिल्ली में शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौर की याद दिलाई, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में बड़े पैमाने पर विकास हुआ था। उन्होंने कहा कि राजधानी में बेहतरीन सड़कें, फ्लाईओवर और मेट्रो ट्रेन जैसी विशाल अवसंरचनाएं शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान लाई गई थीं। आम आदमी पार्टी (आआपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने में एक साथ थीं और अब फिर से एक साथ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कैसे भाजपा और केजरीवाल की टीम ने मिलकर कांग्रेस के खिलाफ अन्ना हजारे का आंदोलन शुरू किया। उन्होंने आआपा नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि वे ऐसे व्यवहार करते हैं जैसे स्वर्ग से उतरकर आए हों और साफ-सुथरे हों। उनकी ईमानदारी के दावों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा कि अगर आआपा के नेता ईमानदार हैं तो जेल क्यों गए और शराब घोटाला क्यों किया।

खरगे ने कहा कि आआपा ऐसा व्यवहार करती है जैसे उनके सत्ता में आने से पहले दिल्ली में कुछ भी नहीं था।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपित बिभव कुमार से जुड़ी याचिका सेशन कोर्ट ने की खारिज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपित बिभव कुमार के खिलाफ दर्ज मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से चार्जशीट पर संज्ञान लेने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दिया है। एडिशनल सेशंस जज राजकुमार ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की उस अर्जी को भी खारिज कर दिया जिसमें मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से दस्तावेज उपलब्ध कराने के आदेश को चुनौती दी गई थी। सेशंस कोर्ट ने 16 नवंबर 2024 को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान बिभव कुमार की ओर से पेश वकील मनीष बैदवान और रजत भारद्वाज ने कहा था कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेते समय भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के कानूनी प्रावधानों का ध्यान नहीं रखा।

उन्होंने कहा था कि 1 जुलाई से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पुरानी अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 190(1)(बी) के प्रावधान का इस्तेमाल कर कानूनी गलती की है। बिभव कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने 2 सितंबर 2024 को जमानत दी थी। दिल्ली पुलिस ने 18 मई 2024 को बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज के समर्थन में डोर-टू-डोर करते हुए भाजपा नेता संजय उटवाल, प्रमोद कश्यप, संजीव पाठक व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

## विजय की ओर बढ़ रही है भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता: कृष्ण स्वामी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शालीमार बाग क्षेत्र के भाजपा नेता कृष्ण स्वामी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता विजय की ओर बढ़ रही है, हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, जनता भाजपा को समर्थन करने की बात कर रही है।

उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था में काफी सुधार किया है, आज जहां एक ओर शहर के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है, वहीं गांव में भी भाजपा की लहर है और ग्रामीण भी भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने शालीमार बाग क्षेत्र के लोगों से कहा कि आप सभी भाजपा का समर्थन करें और भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता को भारी मतों से विजयी बनाये।

## केजरीवाल की चाल में न आए,अपने विवेक से मताधिकार करें: सत्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सत्यपाल शर्मा ने बताया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल रोजाना झूठ का पिटारा खोल रहे है। चाहे वह पुजारियों को वेतन का मामला हो या फिर रोजगार देने का। दिल्ली की आज भी सड़के गड्डा मुक्त नहीं हुई है और न ही जलभराव की स्थिति में ही सुधार हुआ है।

श्री शर्मा ने आगे बताया कि सरकारी अस्पताल नहीं बने और पानी व सीवर विभाग कर्ज में डूबे है और समय पर सीवरों की सफाई नहीं हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि आज चुनाव विकास के नाम पर न होकर फ्री की घोषणाओं तक सीमित हो गया है। केजरीवाल सीएजी की रिपोर्ट, यमुना की सफाई, अनाधिकृत बस्तियों में जल भराव पर कुछ भी न बोलना। किसी भी सरकार के लिए 10 साल कम नहीं होते है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली देहात में पर्याप्त विकास नहीं किया गया। चुनाव के समय मैट्रो में रियायत देने की बात याद आती है, बिजली आपूर्ति में सुधार का श्रेय शीला दीक्षित की सरकार को जाता है। जिसने सन् 2002 में बिजली विभाग का निजीकरण किया और राजधानी में एक नई ऊर्जा का संचार किया। जनता को चाहिए की इस बार केजरीवाल की चाल में न आए, तथा अपने विवेक से मताधिकार का प्रयोग करें। जनता को चाहिए कि केजरीवाल की चाल में ना आएं और भाजपा के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाएं।

## लोग बदलाव के लिए तैयार बैठे हैं, दिल्ली में सरकार वापस आ रही है: देवेन्द्र




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व बादली विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव ने भगवानपुरा में पदयात्रा की। पदयात्रा में भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आगामी 5 फरवरी को जीतने का जोश साफ दिखाई दे रहा था। देवेन्द्र यादव में जनता को विश्वास साफ दिखाई दे रहा था क्योंकि क्षेत्रीय लोग उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत कर रहे थे, कोई फूल माला पहना रहा था, तो कोई फूलों की बारिश कर रहा था, कई जगह चौराहों पर स्टेज बनाकर भी उनका भव्य स्वागत किया जहां उन्हें पगड़ी पहनाकर भी सम्मानित किया गया। पदयात्रा के दौरान बुजुर्ग, माताओं, बहनों, युवा साथियों में जो उत्साह और विश्वास था, उससे बादली में कांग्रेस की जीत निश्चित होगी। मौजूद लोगों ने कांग्रेस पार्टी को प्रचंड बहुमत देकर विजयी बनाने का संकल्प भी लिया और कहा हम सब मिलकर बादली के बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मैं बादली के लोगों को समर्पित हूं, पहले भी मैंने यहां जनता का प्रतिनिधि होते हुए काम करके दिखाया है और 8 फरवरी को जीतने के बाद बादली का कायापलट करने के लिए काम करूंगा। मैं लगातार लोगों से मिल रहा हूं, लोग अपनी परेशानियों और दुख मुझसे साझा कर रहे है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली में अवैध शराब की बरामदगी पर भाजपा ने जताई चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच अवैध शराब की बरामदगी पर दिल्ली भाजपा ने चिंता जाहिर की है। इस मामले पर भाजपा ने चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी से सीमा पर सतर्कता बढ़ाने की मांग की है। बुधवार को इस मुद्दे पर भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली में रोजाना हो रही अवैध शराब की बरामदगी पर चिंता जताते हुए कहा है कि कल दिल्ली में पंजाब में निर्मित एक साथ 2069 शराब की बोतलें मिलीं, जिन पर साफ लिखा है कि यह पंजाब में बिक्री के लिए बनी हैं। ये बोतलें बकोली, जो आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी का गांव है, वहां से बरामद की गई हैं। यह साफ दर्शाता है कि कुछ तो गड़बड़ है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि यह साफ हो गया है कि कल बरामद 2069 बोतलें या बुधवार को पटेल नगर से पकड़ी गई पंजाब मे ही निर्मित शराब की 40 पेटी शराब की बोतलें इशारा करती हैं कि पंजाब एवं दिल्ली सरकार की मिलीभगत से चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी का बंदोबस्त हो रहा है। सचदेवा ने दिल्ली के चुनाव अधिकारी से मांग की है कि वह दिल्ली की सीमा पर सतर्कता बढ़ाए और दिल्ली पुलिस एवं आबकारी विभाग को सख्त कार्रवाई का निर्देश दें। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में गत तीन दशक में कभी भी इतनी भारी मात्रा में अवैध शराब नही पकड़ी गई है।

# नगर आयुक्त ने वैरागपुरा, रानी मंडी क्षेत्र में लोगों से किया सीधा संवाद

## निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने स्थानीय जनता की समस्याओं और मांगों को समझा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: नगर** आयुक्त शशांक चौधरी ने बुधवार को वैरागपुरा, रानी मंडी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ सीधा संवाद किया। बुधवार को नगर आयुक्त द्वारा वार्ड 17 वैरागपुरा, रानी मंडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के क्षेत्रीय पार्षद बृजेश खरे एवं सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वार्ड में निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षदगण एवं स्थानीय जनता द्वारा बतायी गयी समस्याओं को नगर आयुक्त द्वारा सुना गया। वाल्मीकि वाटिका का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों के सुविधा के



लिए बारात घर के निर्माण के लिए 15 वें वित्त में शामिल कर निर्माण कार्य करने के लिए प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल निर्देशित किया गया। इसके बाद मलिन बस्ती का निरीक्षण किया। मलिन बस्ती में साफ सफाई, सड़क मार्ग, जल निकासी, पेयजल पूर्ति, प्रकाश व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्ड में स्थित सार्वजनिक शौचालय का नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें साफ सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश, हैण्ड वॉश, शौचालय के उपयोगकताओं के फीडबैक रजिस्टर आदि को देखा गया तथा शौचालय को मानकों के अनुरूप साफ सफाई आदि समस्त व्यवस्थाओं के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालय के सामने पड़ी रिक्त भूमि पर बेंच लगाने, वृक्षारोपण करते हुए सौंदर्यीकरण की कार्यवाही किये जाने के लिए प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल निर्देशित किया गया। इसके उपरांत नगर आयुक्त द्वारा वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में संचालित कक्षाओं का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में अध्यापिकाओं के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया गया इसके बाद छात्रों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करते हुए छात्राओं की उपस्थिति की देखी गई। इसके उपरांत विद्यालय के शौचालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में शौचालय सही अवस्था में नहीं पाए गए। विद्यालय में शौचालय, बाथरूम के निर्माण के लिए प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल को निर्देशित किया गया। मलिन वस्तियों में सफाई का विशेष ध्यान दिये जाने के लिए जोनल सेनेटरी ऑफीसर को निर्देशित किया गया।

# न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी बाल शिक्षा प्रबंधक समिति

## बेसिक शिक्षा विभाग पर लगाया शिक्षण कार्य से इतर परेशान करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: बाल** शिक्षा प्रबंधक समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मां रेशमदेवी आर्दश विद्या मंदिर आजमपुर पर हुआ। इस बैठक का मुख्य बिंदु शिक्षा विभाग द्वारा अपार आईडी को बनवाने के लिए प्राइवेट विद्यालयों पर दबाव बनाया जाना है। दूसरा बिंदु नगर निगम के टैक्स के खिलाफ बाल शिक्षा प्रबंधक समिति ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए थे उसमें निगम ने संतुष्टि पूर्ण निर्णय नहीं देने के कारण कोर्ट की शरण में जाने पर विचार किया गया। इस संदर्भ में समिति के अध्यक्ष विनीत मौर्य ने कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी के दबाव के कारण अधिकतर विद्यालयों ने

**शांति**

**▶▶ सभी अभिभावक को दे दिए गए थे परंतु अभिभावकों ने इसको भरने से मना कर दिया**

अपार आईडी के लिए कंसर्न फॉर्म जो विभाग ने जारी किए थे वो सभी अभिभावक को दे दिए गए थे परंतु अभिभावकों ने इसको भरने से मना कर दिया। बिना कंसर्न फॉर्म के विद्यालय अपार आईडी कैसे बनाएगा। इस संदर्भ में बैठक में सभी की सहमति से शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी से तथा टोल फ्री नंबर से बात की गई उन्होंने भी यही कहा है कि बिना कंसर्न फॉर्म के आप अपार आईडी नहीं बना सकते ओर न विभाग दबाव बना सकते हैं। अपार आईडी बनाने के प्राइवेट स्कूल यूनियन भी इस तरह के दबाव से नाराज है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे वर्ष विभाग तरह तरह के कार्य में विद्यालयों को उलझा रखा है। यूडाइस हो या पढ़ाई पर चर्चा हो दवाई खिलानी हो और अब ये अपार आईडी इस सब के दौरान बच्चों की पढ़ाई का बहुत नुकसान हुआ है। इस संदर्भ में निदेशक से भी शिकायत की गई है। प्राइवेट विद्यालयों पर बेसिक शिक्षा विभाग सरकारी विद्यालय जैसा व्यवहार कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने नोएडा में अपनी 100वीं शाखा का उद्घाटन किया!




**नोएडा।** भारत के अग्रणी और सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउस में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने आज नोएडा, उत्तर प्रदेश में अपनी नई शाखा के उद्घाटन की घोषणा की। यह विस्तार नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में निवेशकों के लिए निवेश संबंधी सरल और बेहतर समाधान प्रदान करने और वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में कंपनी के प्रयासों का एक हिस्सा है।
नई शाखा एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, एन 10/एन-11, ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर 18, पर्ल प्लाजा के सामने, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 में स्थित है। उद्घाटन समारोह में श्री बी. गोपकुमार (एमडी और सीईओ) और श्री आशीष गुप्ता (सीआईओ) उपस्थित थे। नई शाखा में निवेश संबंधी व्यापक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें नए आवेदनों की मंजूरी और उनकी प्रोसेसिंग, नए निवेशकों के लिए केवाईसी की सुविधा, खातों का विवरण और बहुत कुछ शामिल है। इसके अतिरिक्त, शाखा में निवेशकों का मार्गदर्शन करने और उनकी निवेश यात्रा में उनकी सहायता करने के लिए समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर होंगे। नोएडा में इस नई शाखा के खुलने के साथ, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने देशभर के समुदायों की विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने और स्थानीय निवेशकों की जरूरतों के अनुरूप बेहतर समाधान प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।
लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिस म्यूचुअल फंड के रिटेल सेल्स के नेशनल हेड, श्री रोहित मट्टू ने कहा, "नोएडा में 100 वीं शाखा के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करना एक्सिस एएमसी के लिए एक निर्णायक क्षण है, और इस अवसर पर हमें बहुत गर्व का अहसास हो रहा है। साथ ही हमारे प्रति जताए गए विश्वास को लेकर हम कृतज्ञ भी हैं। यह उपलब्धि सिर्फ हमारे फुटप्रिंट के विस्तार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों और समुदायों को समान रूप से सशक्त बनाने वाले निवेश समाधान प्रदान करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने अपने निवेशकों के लिए विश्वास, पारदर्शिता और प्रदर्शन की एक मजबूत नींव बनाने का प्रयास किया है। एक तरफ हम इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं, दूसरी तरफ हम वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और अपने ग्राहकों को उनके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैं। नोएडा शाखा का शुभारंभ न केवल हमारी यात्रा में एक नया अध्याय है, बल्कि यह धन प्रबंधन क्षेत्र में अग्रणी होने की हमारी क्षमता में बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतिबिंब है।"

### होंडा मोटरसाइकल ने बच्चों को जागरूक करने के लिये सड़क सुरक्षा पर शिक्षा दी

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने सड़क के माहौल को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी है। इस कड़ी में कंपनी ने सड़क सुरक्षा की शिक्षा पर केन्द्रित एक रोचक किड्स कार्निवल का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बच्चों को यातायात सुरक्षा की आवश्यक जानकारी देने के लिए किया गया था। यह 2050 तक यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को शून्य



करने के लिये होंडा के वैश्विक दृष्टिकोण से बखूबी मेल खाता है। किड्स कार्निवल का आयोजन भारत में एचएमएसआई के सभी चार संयंत्रों में हुआ- तापुकारा (राजस्थान), विठलापुर (गुजरात), नारसापुरा (कर्नाटक) और आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा में कंपनी की ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री में इसका समापन हुआ। इसमें बच्चों के लिये संवादपरक एवं मजेदार गतिविधियाँ आयोजित की गई थीं, जो उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व पर शिक्षित करने के लिये थीं। यातायात के नियमों और सड़क के संकेतों से लेकर सड़कों पर जिम्मेदारी से व्यवहार करने के महत्व तक, बच्चों को बड़े दिलचस्प तरीके से यह अनिवार्य सबक सिखाये गये।

### 41 किलों चांदी की ईंटों के साथ दो युवक पकडे

**मथुरा।** रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म एक से दो युवकों को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया। पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म एक पर रात करीब 11 बजे आगरा क्राइम विंग के हेड कांस्टेबल अजयपाल सिंह मीना और आरपीएफ के एएसआई रामनरेश यादव गश्त कर रहे थे। इस दौरान दो युवक ट्रेन के इंतजार में बैठे दिखाई दिये। युवकों की हरकतों को देखकर गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को शक हुआ। दोनों के पास एक एक बैग था, जो छुपाकर रखा हुआ था। टीम को शक हुआ, जिसके बाद दोनों से जानकारी ली। दोनों युवक किसी बात का सटीक जवाब नहीं दे सके।

# वेटेनरी में हुआ डॉ. एसके तालपात्रा स्मारक भाषण का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: उत्तर** प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान में तृतीय डॉ. एसके तालपात्रा स्मारक भाषण का आयोजन हुआ। स्मारक भाषण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के उप महानिदेशक (पशु विज्ञान) डॉ. राघवेन्द्र भट्टा ने कहाकि हमें अच्छी उत्पादकता वाले देशी पशुओं के पालन के लिए पशु पालकों को प्रेरित करना चाहिए। स्वस्थ पशु पालन एवं अच्छी उत्पादकता के लिए संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। पशुओं को संतुलित मात्रा में सूखा चारा, हरा चारा, दाना तथा खनिज




लवण उपलब्ध कराना चाहिए। पशुओं को स्वच्छ वातावरण तथा आवास उपलब्ध कराना चाहिए। जिससे पशु अपनी क्षमता के अनुसार उत्पादकता दे सके। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. श्रीवास्तव ने डॉ. एसके तालपात्रा के योगदान को याद करते हुए, उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को छात्र छात्राओं के साथ साझा किया। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे देश में अधिकांश बालिकाएं आयरन, विटामिन बी 12, फोलिक एसिड तथा कैल्शियम की कमी से ग्रसित हैं। जिससे उनका संपूर्ण विकास संभव नहीं हो पता, ऐसी दशा में हमें, उन्हें प्राकृतिक स्त्रोतों से संतुलित आहार में, इन अवयवों को जोड़ते हुए, भोजन उपलब्ध कराना चाहिए। जिससे उनका संपूर्ण विकास हो सके और वे अपने पारिवारिक एवं सामाजिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभा सकें। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर देश दीपक सिंह ने बताया कि निदेशक प्रसार, प्रो. अतुल सक्सेना ने आगंतुकों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए डॉ. एसके तालपात्रा को याद किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक शोध, प्रो. विनोद कुमार ने डॉ. एसके तालपात्रा के जीवन सारांश के बारे मे बताया। कार्यक्रम में केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, मथुरा के निदेशक, डॉ. मनीष कुमार चेटली, विश्वविद्यालय के कुल सचिव, प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, अधिष्ठाता जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, प्रोफेसर आरपी पांडे, अधिष्ठाता, डेरी विज्ञान महाविद्यालय, प्रोफेसर रश्मि सिंह; निर्देशक, डिप्लोमा संस्थान आदि उपस्थित रहे।

# ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर:द वन एंड ओनली-एक प्रतिष्ठित और फैशनेबल दुनिया का प्रवेश द्वार

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक : ब्लेंडर्स** प्राइड फैशन टूर ने अब तक के अपने सबसे प्रतिष्ठित संस्करण का अनावरण किया है, जिससे द वन एंड ओनली दुनिया की रचना होती है, जहां फैशन केवल एक शुरूआत है। टूर का 2025 संस्करण एक अत्याधुनिक अवतार प्रस्तुत करेगा, जो असाधारणता की सीमाओं को पार करेगा और वैश्विक फैशन, संगीत और मनोरंजन के शानदार प्रदर्शन लेकर आएगा, जो पूर्ण विस्मय से भर देंगे। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ एक बार फिर जुड़ते हुए, फैशन टूर अपनी ग्लैमरस और भव्य पहचान का जश्न मनाएगा। इसमें भारत के सबसे चर्चित फैशन विशेषज्ञों के साथ-साथ देश के सबसे आकर्षक स्टाइल आइकन्स भी शामिल होंगे, जो निश्चित रूप से पूरे देश का ध्यान आकर्षित करेंगे।हर शहर में, यह टूर अलग-अलग कहानियां रचेगा, जो इसकी प्रतिष्ठित दुनिया की अनूठी व्याख्याओं को प्रदर्शित करेगी। गुरुग्राम में, यह भारत के सच्चे फैशन आइकन रोहित बल के भव्य उत्सव के साथ शुरू होगा, जहां उनके कलात्मक प्रतिभा को फिर से जीवंत किया जाएगा। इस मौके पर फैशन, बॉलीवुड, मीडिया और बिजनेस जगत के 70 से अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल होंगे, जो वर्षों से उनके करीबी रहे हैं। मुंबई में, यह टूर देश की ग्लैमर राजधानी की प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि में, तरुण तहिलियानी के साथ एक प्रभावशाली फैशन शो पेश करेगा, जो समकालीन भारतीय फैशन की पारंपरिक सीमाओं को तोड़ते हुए इसे विश्व स्तर पर नए सिरे से परिभाषित करेगा।चंडीगढ़, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम जैसे प्रमुख शहरों में अपने आकर्षक संसार को लेकर, यह टूर प्रत्येक गंतव्य को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बना देगा, जो फैशन के भविष्य के लिए सर्वोत्तम मानक स्थापित करेगा। चंडीगढ़ में, कणिका गोयल और जैकलीन फर्नांडीज एक इलेक्ट्रिफाइंग कांसेप्ट पेश करेंगी।

### ट्रक से बरामद की 32 लाख की शराब

**मथुरा। थाना** गोवर्धन पुलिस को मिली बड़ी सफलता,एक अदद टाटा ट्रक नंबर एचआर 63 डी 4502 में लदी हुई 750 एमएल (बोतल) की 60 पेटी, 375 एमएल (हाफ) की 140 पेटी, 180 (क्वार्टर) की 210 पेटी कुल 410 पेटी 3614.4 लीटर पंजाब प्रान्त की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद। प्रभारी निरीक्षक गोवर्धन के नेतृत्व में थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा जमुनावता चौराहे पर हीरो मोटरसाइकिल की एजेंसी के पास से एक टाटा ट्रक नंबर एचआर 63 डी 4502 में लदी हुई अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की बाजार में कीमत करीब 32 लाख रुपये है।

# किंयारा को बचाएं: एक दुर्लभ बीमारी से जूझ रही 8 महीने की बच्ची की मदद के लिए एक तात्कालिक अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद। फरीदाबाद की** 8 महीने की मासूम किंयारा स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी (SMA) टाइप 1 नामक एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से जूझ रही है। इस गंभीर स्थिति से उबरने के लिए किंयारा को तुरंत एक जीवनरक्षक दवा Zolgensma की जरूरत है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये है। किंयारा के पिता मनीष रावत ने कहा: "किंयारा हमारे लिए एक उज्ज्वल तारे की तरह है। जब वह हमारी जिंदगी में आई, तो हमारी खुशियों का ठिकाना नहीं था। लेकिन अब हम



हर पल उसके जीवन के लिए लड़ रहे हैं।" SMA टाइप 1, जिसे वर्डनिग-हॉफमैन डिजीज भी कहा जाता है, मांसपेशियों की गंभीर दुर्बलता और सांस लेने, भोजन करने जैसी बुनियादी क्रियाओं में कठिनाई का कारण बनता है। तीन महीने की उम्र में इस बीमारी का पता लगने के बाद से किंयारा का शरीर हर दिन कमजोर हो रहा है। Zolgensma एक जीन थेरेपी है, जो केवल एक खुराक में दी जाती है। हालांकि, इसकी कीमत इतनी अधिक है कि मनीष और उनकी पत्नी इसे वहन नहीं कर सकते। दिल्ली के सर गंगा राम सिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया है कि इस इलाज को जितना जल्दी हो सके देना जरूरी है। किंयारा के माता-पिता ने दुनियाभर के दयालु लोगों से मदद की गुहार लगाई है। मनीष कहते हैं: "हम आपसे हाथ जोड़कर अपील करते हैं कि हमारी बेटी को बचाने में मदद करें। आपका छोटा-सा योगदान भी उसके जीवन के लिए अमूल्य होगा।"

# गुड वर्क का ऐसा चस्का, अनसुनी कर दी सच्चाई

## मां को चोर बता कर जेल भेजा, दूसरी महिला को सौंप दी बच्ची

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: जंक्शन** रेलवे स्टेशन से 7 जनवरी 2023 को ढाई साल की बच्ची चोरी हुई थी। जीआरपी थाने में 7 जनवरी को फूलवती ने अपनी ढाई साल की बच्ची के चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। जीआरपी जांच टीम ने 10 अक्टूबर को भिक्षावृत्ति से जुड़े गिरोह को पकड़ा और उनके कब्जे से चोरी हुई ढ़ाई साल की बच्ची को खोज लेने का दावा किया। अन्य लोगों के साथ हिना चौहान को पकड़ा और बच्ची बरामद की, लेकिन महाराष्ट्र निवासी हिना चौहान लगातार यह कहती रही कि बच्ची उसकी अपनी है चोरी नहीं की है। हालांकि पुलिस का गुडवर्क दर्ज हो गया और बच्ची चोरी होने की घटना का भी खुलासा। यहां तक सब ठीक था और पुलिस जो कह रही थी और कर रही थी सब उसे ही सच मान रहे थे। पुलिस की इस कहानी को कोई झूठा बता रहा था तो वह हिना चौहान थी जिसे बच्ची चोरी के आरोप में पुलिस ने जेल भेजा था। महिला बच्ची को अपनी ही बेटी बता रही थी जबकि रेलवे पुलिस चोरी हुई बच्ची बताती रही। महिला बच्चा चोरी के आरोप में 15 माह से जेल में

**सौंपी बच्ची**

**▶▶ भिक्षावृत्ति से जुड़े गिरोह को पकड़ा और उनके कब्जे से चोरी हुई ढ़ाई साल की बच्ची को खोज लेने का दावा किया**

बंद है और बच्ची को एक अन्य महिला की सुपुर्दगी में दे दिया गया था। आरोपित महिला के लगातार यह बयान देने पर कि बच्ची उसकी है चोरी की नहीं एसपी जीआरपी अभिषेक वर्मा ने जांच शुरू शुरू की। मामले में हिना और फूलवती का सैंपल डीएनए जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। जहां से नवंबर 2024 से रिपोर्ट आई जिसमें हिना का डीएनए टेस्ट बच्ची से मेल कर गया। अब इस मामले में राजकीय रेलवे पुलिस की नई जांच टीम पूरे मामले की जांच करेगी। जिसमें वह मुकदमा दर्ज कराने वाली फूलवती की बच्ची अगर चोरी हुई थी तो वह है कहां इसका पता लगाएगी। यह बच्ची जीआरपी के सकुर्लेटिंग एरिया से चोरी हुई थी। इसमें लापरवाही बरतने वाली जीआरपी टीम पर अब विभागीय कार्रवाई जल्द होगी।

# एसआरके जीएचजी उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी के साथ सस्टेनेबिलिटी क्षेत्र में सबसे आगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेचुरल हीरों के उत्पादन और निर्यात में वैश्विक अग्रणी श्री रामकृष्ण एक्सपोर्ट्स (एसआरके)ग्रुप पर्यावरणीय प्रबंधन के साथ दीर्घकालिक स्वच्छ और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने वैश्विक उद्योग औसत की तुलना में प्रति कैरेट ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में 34% की कमी हासिल कर सस्टेनेबिलिटी में एक नया मानक स्थापित किया है। हर साल 28 जनवरी को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय $CO_2$ उत्सर्जन कटौती दिवस पर घोषित इस उल्लेखनीय उपलब्धि को ड्यूश क्वालिटी सिस्टम्स (इंडिया)

**उत्सर्जन**

**▶▶ विशेष रूप से सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ाकर उत्सर्जन को और कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है**

प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वतंत्र रूप से सत्यापित और मान्य किया गया है। यह एक प्रसिद्ध आईएसओ प्रमाणन संस्था है, जो ग्रीनहाउस गैस प्रोटोकॉल, आईएसओ 14064 और आईएसओ 14067 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करता है। नवंबर-2024 तक, SRK ने प्राकृतिक हीरे के प्रति कैरेट केवल 70.49 "उड2ी उत्सर्जन दर्ज किया, जिसने एक महत्वपूर्ण बेंचमार्क स्थापित किया। कंपनी अब अपनी उत्पादन सुविधाओं में नवीकरणीय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ाकर उत्सर्जन को और कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एसआरके ग्रुप अपने आधुनिक नवोन्मेषी दृष्टिकोण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। यह "उद्भव से अंत" रणनीति के साथ संचालित होता है, जिसमें कच्चे माल के निष्कर्षण से लेकर हीरा तैयार होने तक के सभी चरणों को शामिल किया जाता है।

# मुठभेड़ में एक अंतरजनपदीय शातिर बदमाश घायल, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहपुर: जिले में** बुधवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में एक अंतरजनपदीय शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में बदमाश घायल हो गया। गिरफ्तार बदमाश के पास से नाजायज 05 किलोग्राम गांजा, एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, पिट्ठू बैग, मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जहानाबाद थाना के अंतर्गत रिंद नदी पुल के समीप आज भोर पहर महाकुम्भ के मद्देनजर पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया इंटेलिजेंस विंग के निरीक्षक अरुण कुमार चतुर्वेदी, जहानाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह व सर्विलांस सेल के निरीक्षक तारा सिंह पटेल की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान हीरो मोटरसाइकिल से एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखा। जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो वह भागने लगा। पाताली देवी मंदिर से करीब 200 मीटर पहले मोड़ पर जहानाबाद के पास फिसल कर गिर गया और अपने आप को घिरता हुआ देखकर पुलिस पर लक्ष्य कर फायरिंग करने लगा। पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में अभियुक्त श्याम बाबू उर्फ हब्बू पुत्र रामलखन निवासी मोहल्ला लालूगंज कस्बा व थाना जहानाबाद दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे हिरासत में लेकर जहानाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अभियुक्त अंतरजनपदीय हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। इसके खिलाफ 29 मुकदमे दर्ज हैं।

# कोटवन से अवैध कब्जे हटाए जाएं: सीडीओ

**निरीक्षण**

**▶▶ गौर उद्योग केंद्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए गए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: मुख्य** विकास अधिकारी मनीष मीना ने कलेक्ट्रेट सभागार में इन्वेस्टर्स समिट की समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिए कि कोटवन से अवैध कब्जे हटाए जाएं। इन्वेस्टरों द्वारा कोटवन में अवैध कब्जे करे में अवगत कराया गया था। क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी सीडा को तिथि निर्धारित



करते हुए कब्जे को हटवाए जाने के लिए निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त संबंधित विभागों को इन्वेस्टर की समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारित करते हुए आगामी कार्यवाही से अधोहतक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करते हुए कोसी कोटवन में सफाई कार्य, नहर पर पुल बनाने का कार्य, गौर उद्योग केंद्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए गए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# आदर्श नगर: राजकुमार भाटिया के प्रचार में उतरे हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

● आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया को मिल रहा जनता का अपार जनसमर्थन ● राजकुमार भाटिया ने विभिन्न क्षेत्रों में किया जनसंपर्क









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हरियाणा के सहकारिता, चुनाव, कारागार, विरासत और पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा प्रचार के लिए दिल्ली पहुँचे। दिल्ली की आदर्श नगर सीट पर चुनाव प्रचार अभियान के तहत कई बैठके और नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि अपने 10 साल से अधिक कार्यकाल में सत्ता सुख भोगने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज अपना हिसाब देने की बजाय जनता को मूर्ख बनाकर सत्ता सुख पाने के लिए गलत हथकंडे अपना रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की माटी के प्रति अपने फर्ज को भूल कर ओछी मानसिकता दिखाई है, अब दिल्ली की जनता के सामने है। आगामी 5 फरवरी को दिल्ली की जनता इस मूर्ख तंत्र से निजात पाकर भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने जा रही है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा आदर्श नगर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया के समर्थन में कार्यक्रम करने पहुंचे थे। उन्होंने जहांगीरपुरी ब्लाक ए, गांव भडौला, केवल पार्क, जैन सभा व मॉडल टाउन आर ब्लाक में आधा दर्जन कार्यक्रमों में भागीदारी की। हरियाणा के सहकारिता मंत्री

## केजरीवाल को घेरा

▸▸ दिल्ली की जनता को मूर्ख समझ रहे है केजरीवाल, 5 फरवरी को जनता देगी जवाब : डॉ अरविंद शर्मा

▸▸ हरियाणा पर गम्भीर आरोप लगाकर केजरीवाल ने दिखाई ओछी मानसिकता

डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को अपने कामों का हिसाब दिया था और हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 10 साल का हिसाब दिया, जिसपर भरोसा जताता हुए केंद्र और प्रदेश की जनता ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का काम किया। लेकिन दिल्ली में 10 साल सत्ता सुख भोगने के बाद अरविंद केजरीवाल विकास की बात नहीं कर रहे, क्योंकि उन्होंने न केवल दिल्ली के विकास की राह में बाधा उत्पन्न की है, बल्कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को दिल्ली की जनता तक पहुंचने से रोका है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता की बात करके दिल्ली को मूर्ख बना रहे केजरीवाल ने सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा पटल पर नहीं रखने दी और अदालत को कहना पड़ा कि दिल्ली की आप-दा सरकार की ईमानदारी पर संदेह हो रहा है। ऐसा इसलिए किया गया कि दिल्ली की जनता को शराब घोटाले से हुए नुकसान, शीशमहल बनाने से हुए नुकसान जैसे 14 गम्भीर मामलों में आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार जनता के सामने आता और वो मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहते।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता इस बार आप-दा को माफ नहीं करेगी, बल्कि साफ करेगी, क्योंकि उन्होंने अपने घमंड के बूते पर दिल्ली को विकास के मामले में गर्त में पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली की जनता को प्रदेश सरकार की जनहित योजनाओं के साथ केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का डबल फायदा देना चाहते हैं और इस बार दिल्ली की जनता भाजपा को बड़े अंतर से जिताकर केजरीवाल के घमंड को तोड़ने का काम करेगी।









## प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो को ऐतिहासिक 100वें प्रक्षेपण पर बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को ऐतिहासिक 100वें प्रक्षेपण पर बधाई दी। उन्होंने इसे एक अविश्वसनीय मील का पत्थर बताया जो देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की दूरदर्शिता, समर्पण और प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा में निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्र अंतरिक्ष अन्वेषण में नई ऊंचाइयों को



प्राप्त करना जारी रखेगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, ऐतिहासिक 100वें प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई। यह अविश्वसनीय मील का पत्थर हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की दूरदर्शिता, समर्पण और प्रतिबद्धता को दशार्ता है। निजी क्षेत्र के साथ मिलकर भारत की अंतरिक्ष यात्रा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करना जारी रखेगी।

उल्लेखनीय है कि इसरो की स्थापना 1969 में हुई थी। 1993 में पहला लॉन्च पैड स्थापित किया गया। दूसरा लॉन्च पैड 2004 में बना। हालांकि, पिछले 10 वर्षों में भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और निवेश दोनों के मामले में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। 100वां प्रक्षेपण अंतरिक्ष क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। केन्द्र सरकार अब श्रीहरिकोटा में तीसरा लॉन्च पैड बना रही है।

## जनजातीय कार्य मंत्रालय ने जीता गणतंत्र दिवस परेड में सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जनजातीय कार्य मंत्रालय को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में "जनजातीय गौरव वर्ष" पर आधारित अपनी प्रेरणादायक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध झांकी के लिए 76वें गणतंत्र दिवस परेड में केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों की ओर से सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार दिया गया है। झांकी में एक भव्य साल के पेड़ के साथ आदिवासी लोकाचार को खूबसूरती से दशार्या गया था, जो ताकत, स्थिरता एवं आदिवासी समुदायों तथा प्रकृति के बीच के गहरे संबंध का प्रतीक है। केंद्रीय विषय "जल, जंगल, जमीन" ने भारत की आदिवासी विरासत के कालातीत ज्ञान और स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को प्रदर्शित किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर, केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान भगवान बिरसा मुंडा की विरासत और भारत के आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को श्रद्धांजलि है।

मंत्रालय पीएम-जनमन, धरती आबा अभियान और एकलव्य स्कूलों जैसी पहलों के माध्यम से आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। यह सम्मान एक ऐसे विकसित भारत के हमारे दृष्टिकोण की पुष्टि करता है जहाँ हर

## रेलवे पुलिस ने 32.61 लाख रुपये के साथ एक व्यक्ति को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की रेलवे यूनिट ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन से 32.61 लाख रुपये बरामद किए हैं। रेलवे पुलिस के अनुसार 28 जनवरी की दोपहर करीब 2:50 बजे रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस गश्त कर रही थी।

इस दौरान पुलिसकर्मियों ने शक के आधार पर एक व्यक्ति से पूछताछ की। इस बीच पुलिस ने व्यक्ति के बैग की तलाशी ली तो उसमें से 32 लाख से ज्यादा की नकदी बरामद हुई। रेलवे पुलिस ने इस मामले में जसविंदर पाल को हिरासत में लिया है।

**साधा निशाना** नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीलम पहलवान के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया

## दिल्ली में आआपा सरकार की शह पर पनपे टैंकर माफिया: पुष्कर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीलम पहलवान के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जनता पीने के साफ पानी के लिए परेशान है और राजधानी में आआपा की दिल्ली सरकार की शह पर टैंकर माफिया पनप रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि क्षेत्र के विकास और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए भाजपा प्रत्याशी नीलम पहलवान को भारी समर्थन दें। धामी ने कहा कि अब समय आ गया है कि नजफगढ़



की जनता को विकास और सुशासन की ओर बढ़ते हुए भाजपा प्रत्याशी नीलम पहलवान को भारी मतों से विजयी बना कर दिल्ली के समग्र विकास की दिशा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने राष्ट्रहित में कई ऐतिहासिक निर्णय किए हैं, जिनसे देश की ताकत और समृद्धि में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। धामी ने आगे कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करना, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू करना और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करना ये सभी भाजपा सरकार के ऐतिहासिक निर्णय हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां हर वर्ग, जाति और पंथ के लोगों के लिए समान नागरिक संहिता लागू की गई है। यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारे नेतृत्व की दूरदृष्टि और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों का प्रमाण है। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि दोनों पार्टियां तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

